Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...
रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011
संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर
निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक माँ बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 06, अंक 314 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | रायपुर, शनिवार 04 जनवरी 2025 | www.samaydarshan.in

## सार समाचार

### जम्मू में स्थापित होगा नया रेलवे डिवीजन, 6 जनवरी को पीएम करेंगे उद्घाटन

**जम्मू।** दिल्ली से कश्मीर के लिए सीधी ट्रेन सेवा का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है, साथ ही भारत सरकार जम्मू में एक नया रेलवे डिवीजन स्थापित करने की तैयारी कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 जनवरी को वर्चुअली डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) कार्यालय का उद्घाटन करेंगे।

यह कदम जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, और पंजाब के पठानकोट क्षेत्र को फिरोजपुर डिवीजन पर निर्भरता समाप्त करेगा और इन क्षेत्रों में रेलवे संचालन को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

अतिरिक्त मंडल रेलवे प्रबंधक राजीव कुमार सिंह ने कहा, रेलवे बोर्ड ने जम्मू में एक नया रेलवे डिवीजन स्थापित करने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। इस नए रेलवे डिवीजन के लिए एक अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसे फिर रेलवे बोर्ड में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद, इसके क्षेत्राधिकार के संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 6 जनवरी को जम्मू रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में वर्चुअल उद्घाटन प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड द्वारा यह निर्णय बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि जम्मू में नया रेलवे डिवीजन स्थापित होने से लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री साय ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारियों के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर दिए जरूरी निर्देश

# छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को प्रदर्शित करने का माध्यम बनेगा राजिम कुंभ कल्प : मुख्यमंत्री साय

### राजिम कुंभ कल्प 2025 : अध्यात्म और संस्कृति का भव्य आयोजन

### 12 से 26 फरवरी तक आयोजित होगा राजिम कुंभ कल्प



**रायपुर (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध राजिम में 12 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक कुंभ कल्प का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष यह अद्भुत धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन 52 एकड़ के नए प्रस्तावित मेला स्थल में संपन्न होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन स्थित बैठक कक्ष में आज राजिम कुंभ कल्प के तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शाही स्नान, गंगा आरती, संत समागम समेत कुंभ कल्प के प्रमुख आयोजनों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प 2025 धर्म, आस्था और संस्कृति का अद्भुत समागम होगा और यह छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को प्रदर्शित करने का भी सुंदर माध्यम है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि श्रद्धालुओं को यहां अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त हो और यह आयोजन हमारी गौरवशाली विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राजिम कुंभ कल्प के आयोजन में शामिल समस्त विभागों और प्रशासनिक अमले को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी उपाय और स्वच्छता के लिए विशेष ध्यान देने को कहा। श्री साय ने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस आयोजन को सफल बनाएं और छत्तीसगढ़ की पहचान के रूप में इसे स्थापित करें। उन्होंने 12 फरवरी को आयोजित माघी पुन्नी स्नान, 21 फरवरी जानकी जयंती के अवसर पर संत समागम और 26 फरवरी को होने वाले शाही स्नान की तैयारी पर विशेष ध्यान देने को कहा।

मुख्यमंत्री श्री साय को अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राजिम कुंभ कल्प 2025 के आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से आयोजन स्थल में विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित स्थानों के बारे में बताया। कुंभ कल्प में नागरिक सुविधाओं, साधु संतों के आवागमन, शाही स्नान और गंगा आरती को लेकर विभाग के तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

# केंद्र सरकार समय का पालन क्यों नहीं कर सकती? जवाब में देरी पर अदालत ने कहा- आत्मनिरीक्षण करें



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआईए) समेत अन्य सरकारी अधिकारियों से अपील दायर करने में अत्यधिक देरी के कारणों पर खुद निरीक्षण करने कहा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना एनएचआईए की एक याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने एनएचएआई द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई करने में देरी को गंभीरता से लेते हुए सरकारी प्राधिकरण को अपने प्रशासनिक कामकाज पर आत्मनिरीक्षण करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि 96 फीसदी मामलों में हर कोई समय का पालन कर रहा है, लेकिन भारत सरकार समय का पालन क्यों नहीं कर रही? कहीं न कहीं कुछ तो गड़बड़ है। अधिकारियों को आत्मनिरीक्षण करने की आवश्यकता है। एनएचएआई ने एक मामले में राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के एक आदेश को चुनौती दी थी। एनसीएलएटी ने देरी के कारण एनएचएआई की याचिका खारिज कर दी थी। सीजेआई ने 295 दिनों की देरी पर असहमति व्यक्त करते हुए समयसीमा का पालन करने के महत्व पर जोर दिया। एनएचएआई की तरफ से अदालत में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उक्त सुझाव से सहमति जताते हुए कहा, मैं चेयरमैन से बात करने का वचन देना देता हूं। उन्हें जांच करने दें। बता दें कि यह मामला दिवाला व दिवालियापन संहिता की कार्यवाही से जुड़ी है। इसमें परिचालन ऋणदाता एनएचएआई ने उसकी सहमति के बिना स्वीकृत समाधान योजना को चुनौती दी थी।

# कुछ कट्टर बेईमान ने दिल्ली को आपदा की ओर धकेल दिया : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में एक रैली को संबोधित करते हुए बिना नाम लिए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने समाजसेवी अन्ना हजारे का जिक्र करते हुए कहा कि अन्ना हजारे जी को आगे रखकर कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आपदा की ओर धकेल दिया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने दिल्ली पर आम आदमी पार्टी (आप) को आपदा करार दिया।

पीएम मोदी ने कहा, पिछले 10 सालों से दिल्ली एक बड़ी आपदा से घिरी हुई है। अन्ना हजारे जी को आगे रखकर कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आपदा की ओर धकेल दिया है। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, प्रदूषण से लड़ने के नाम पर घोटाला, भर्तियों में घोटाला। ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन, ये लोग आपदा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं। ये लोग खुलेआम भ्रष्टाचार करते हैं और फिर उसका महिमामंडन भी करते हैं।

उन्होंने जोरदार तंज कसते हुए कहा, एक तो चोरी ऊपर से सीनाजोरी, ये आपदा दिल्ली पर आई है और इसलिए दिल्लीवालों ने आपदा के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। दिल्ली का वोटर, दिल्ली को आपदा से मुक्त करने की ठान चुका है। दिल्ली का हर नागरिक कह रहा है कि आपदा को नहीं सहेंगे इसको बदलकर रहेंगे।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि दिल्ली में इतने सारे हाईवे बन रहे हैं, एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं, ये भी इसलिए बन पा रहे हैं, क्योंकि इसमें आपदा का दखल नहीं है। आपदा वाले दिल्ली को सिर्फ समस्याएं दे सकते हैं, वहीं, बीजेपी लोगों की समस्याओं का समाधान करने में जुटी है।

उन्होंने कहा, मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान भारत योजना का लाभ देना चाहता हूं। आपदा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आपदा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है।

### चंदन गुप्ता हत्याकांड : एनआईए स्पेशल कोर्ट ने सभी 28 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई , तिरंगा यात्रा में मारी गई थी गोली

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में कासगंज कांड के सभी आरोपियों को लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. इस वारदात में आरोपियों ने तिरंगा यात्रा निकाल रहे लोगों पर पथराव और फायरिंग की थी. इस दौरान गोली लगने से चंदन गुप्ता नामक युवक की मौत हो गई थी. पुलिस ने इस मामले में 30 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था. हालांकि इनमें से दो आरोपी सबूतों के अभाव में बरी हो गए थे. जबकि एक आरोपी की मौत हो चुकी है. गुरुवार को एनआईए स्पेशल कोर्ट ने चंदन गुप्ता हत्या मामले 28 आरोपियों को दोषी करार दिया दिया था, जबकि दो आरोपियों को बरी किया था।

दरअसल, उत्तर प्रदेश के कासगंज में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 26 जनवरी 2018 की सुबह जब यात्रा निकाली गई तो चंदन गुप्ता अपने भाई विवेक गुप्ता और अन्य साथियों के साथ था।

## दिल्ली के सरकारी स्कूल प्राइवेट से भी बेहतर : सीएम आतिशी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने झिलमिल इलाके में सरकारी स्कूल में एक नए एकेडमिक ब्लॉक का उद्घाटन किया। झिलमिल के इस सरकारी स्कूल में अलग-अलग विषयों के 6 लैब्स हैं। इस स्कूल में विश्वस्तरीय हॉकी मैदान और 5 स्टेट मल्टीपरपस हॉल भी बनवाया गया है।

इस अवसर पर आतिशी ने कहा कि दिल्ली की 'शिक्षा क्रांति' से सरकारी स्कूल के छात्रों में प्राइवेट स्कूलों के स्टूडेंट्स से बेहतर करने का आत्मविश्वास आया है। हर बच्चे को सबसे अच्छी शिक्षा देने के अरविंद केजरीवाल के विज़न के तहत झिलमिल कॉलोनी के स्कूल में बच्चों के लिए वर्ल्ड-क्लास एकेडमिक ब्लॉक समर्पित किया गया है।

सीएम आतिशी ने बताया कि यह नई बिल्डिंग शानदार क्लास रूम, 6 हाईटेक लैब्स, एमपी हॉल, लिफ्ट समेत तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। 10 साल पहले तक सरकारी स्कूलों में ऐसी सुविधाएं किसी सपने की तरह थी। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के मन में यह टीस होती थी कि काश वे भी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ पाते। लेकिन, पिछले 10 सालों में केजरीवाल की शिक्षा क्रांति ने इस टीस को दूर करते हुए बच्चों को आत्मविश्वास दिया है कि वे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से किसी भी तरह कम नहीं हैं।

# उदयपुर सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, सीएम भजनलाल शर्मा ने जताया दुख



**उदयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के उदयपुर में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि यह हादसा ट्रेलर का ब्रेक फेल होने की वजह से हुआ है। इस हादसे का सीएम भजनलाल शर्मा ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

उदयपुर सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है।

उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, उदयपुर में गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाइवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में हुई जनहानि का समाचार अत्यंत दु:खद है। संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति व घायलों को शीघ्रातिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

दरअसल, उदयपुर के गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर और टेंपो की बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई।हालांकि, इस घटना के बाद ट्रेलर चालक ट्रेलर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची बेकरिया थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, अजमेर-भीलवाड़ा हाईवे पर शुक्रवार सुबह कोहरे के कारण कई वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में घायल चार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह अजमेर-भीलवाड़ा हाईवे पर स्थित कोठारी नदी की पुलिया पर घने कोहरे के कारण एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। हादसे के बाद भीलवाड़ा-अजमेर हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आपस में टकराई गाड़ियों को रास्ते से हटवाया। साथ ही उन्होंने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। भीलवाड़ा के मेयर राकेश पाठक ने बताया कि शुक्रवार सुबह घने कोहरे की वजह से कोठारी नदी की पुलिया पर सड़क हादसा हुआ। मैं दमकल कर्मियों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने हादसे की जानकारी तुरंत मिलने के बाद ही राहत अभियान चलाया।

# माता व पिता की तरह कल्याण करते हैं भगवान शिव - सुधांशु महाराज

### ध्यान एवं योग गुरु डॉ आर्चिका दीदी का प्राप्त होगा सान्निध्य

### रविवार को प्रात:कालीन सत्र उपरान्त होगा गुरु मंत्र दीक्षा





**भिलाई (समय दर्शन)।** विश्व जागृति मिशन के भिलाई मण्डल द्वारा आयोजित चार दिवसीय शिव ज्ञान गंगा महोत्सव में दूसरे दिवस के सायंकालीन को संबोधित करने के उपरान्त डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू ने पूज्य महाराजश्री को इस्पात नगरी भिलाई आने पर उनका स्वागत करते हुए अभिनन्दन किया। व्यास पूजन में भिलाई मण्डल के महामंत्री श्री जय शंकर अग्रवाल के परिवार द्वारा सम्पन्न हुआ।

सत्संग में शामिल गुरु भक्तों एवं सत्संगप्रेमियों को बोलते हुए मनीषा जगत के सिरमौर पूज्य गुरुदेव सुधांशु जी महाराज ने कहा कि माता और पिता की तरह कल्याण करते हैं हमारे भोले शंकर भगवान शिव। जब कोई भी दवा और दुआ काम नहीं करता है तब व्यक्ति महामृत्युंजय मंत्र का जाप करके खुद को कष्ट से निकाले। नित्य और निरंतन से रहने वाला ही सदाशिव है, भगवान शिव का कोई आकर ही नहीं है। संसार में जिस पर भी विपत्ति पड़ी, सबकी रक्षा करने के लिए भगवान शिव ही प्रकट हुए थे।

विष पीने वाले भगवान शिव ने पूरे पृथ्वी को बचाने के लिए सभी देवताओं ने प्रार्थना की कि हे देवों के देव महादेव अब रक्षा करो सबका। भगवान शिव की पहचान ही शिवलिंग है। परमात्मा से प्यार करने वाले व्यक्ति सभी जगह मिठास ही बांटते हैं। शिवालय के ऊपर जलकुंभ है गंगा का प्रतीक, दर्शाता है भक्ति करने का, लगातार करना, बूंद बूंद करना, निरन्तर बैठकर भगवान की भक्ति करना। प्रवचन का दूसरा दिन है फिर भी करकड़ाती ठंड के बीच लोग उमड़ पड़े पंडाल के साइड में लगाए गए पर्दे खोलकर उनके बैठने के लिए कुर्सी लगाकर अतिरिक्त व्यवस्था की गई।

चमन लाल बंसल ने बताया कि शिव ज्ञान गंगा महोत्सव में हम सभी को ध्यान एवं योग गुरु तथा विश्व जागृति मिशन के उपाध्यक्ष डॉ अर्चिका दीदी का सान्निध्य प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी बताया कि रविवार को प्रात:कालीन सत्र के बाद बड़ी संख्या में गुरु मंत्र दीक्षा होगा तथा सायंकालीन सत्र (04.00 से 06.00 बजे तक) के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन होगा। उक्त जानकारी प्रचार समिति के अध्यक्ष व कार्यसमिति के उपाध्यक्ष संदीप खेमूका ने दी।

विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक और विश्वसनीय स्रोत

# सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत स्कूल/कॉलेजों, हाट - बाजार में जागरूकता अभियान चलाने, यातायात नियम

### प्रतियोगी परीक्षाओं में वरदान साबित हो रही है छत्तीसगढ़ सरकार की योजना संबंधी पुस्तकें



**दुर्ग (समय दर्शन)।** लइका मन पढ़ही त छत्तीसगढ़ हा आगे बढ़ही। जीवन में सफलता दिलाने के लिए पुस्तक एक मार्गदर्शक का काम करती है। मार्गदर्शक का नाम लेते ही छत्तीसगढ़ सरकार की योजना से संबंधित पुस्तकों का ख्याल जहन में आता है। छत्तीसगढ़ सरकार की जनमन पत्रिका एवं अन्य योजनाओं पर आधारित पुस्तकें विद्यार्थियों के लिए सफलता की कुंजी है। पुस्तकों में प्रदेश की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का संकलन है।

राज्य सरकार की सभी पुस्तके उपलब्धियों और जनहितकारी फैसलों पर केन्द्रित है। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजना के साथ अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी शामिल है। यह पुस्तक जनसंपर्क कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है।

संघ, राज्य लोक सेवा आयोग और व्यापम जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का नाम आते ही विद्यार्थियों के मन मे एक डर और चिंता की भावना घर कर जाती है। परीक्षा नाम से ही सहम जाते हैं। जनसंपर्क विभाग की शासन की योजनाओं पर आधारित कल्याणकारी पुस्तके विद्यार्थियों का भविष्य लिख रही है। इन पुस्तकों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है, जिससे परीक्षार्थी उक्त पुस्तक का अध्ययन कर सफलता की सीढ़ी पार कर रहे हैं। यह पुस्तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है। जिले में संचालित विभिन्न एकेडमियों द्वारा जनमन पत्रिका, एक साल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां, सुशासन के नवीन आयाम, उदित छत्तीसगढ़ जैसी पुस्तके सीजीपीएससी, व्यापाम, शिक्षक एवं पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी में लगे विद्यार्थियों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों को एनएसएस शिविर एवं बैंक का कराया गया भ्रमण



**शंकर लहरे/ सरायपाली (समय दर्शन)।** शासकीय हाईस्कूल रोहिना के छात्रों को 1 जनवरी को शाउमावि दुलारपाली द्वारा ग्राम छिर्रालेवा में आयोजित एनएसएस शिविर एवं भारतीय स्टेट बैंक बिछिया का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर स्कूलों में संचालित होने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना के क्रियाकलाप एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई तथा बौद्धिक चर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लिये। शिविर से लौटते समय भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिछिया का भी भ्रमण कराया गया। जहां छात्रों को प्राचार्य अजय जायसवाल ने बैंकिंग संबंधी जानकारी दी गई। छात्रों ने कैशीयर एवं शाखा प्रबंधक से भी मुलाकात की। इस दौरान प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल व्याख्याता कमलेश साहू, कांति कुमार साहू, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, शाला नायक सुमित्रा यादव, सीमा सेठ, दिव्या राणा, खुशबू यादव, जसमोती, संदीप सेठ, अजय राणा, सुमित यादव आदि उपस्थित थे।

### ब्रह्माकुमारीज में वतन मेरा घर 21 दिवसीय विशेष योग तपस्या का आयोजन



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा, राजऋषि भवन केलाबाड़ी दुर्ग, आर्य नगर, सिंधिया नगर एवं छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के सभी सेवाकेंद्रों पर 1 जनवरी से 21 जनवरी तक 21 दिवसीय विशेष योग तपस्या कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसका विषय है वतन मेरा घर। उल्लेखनीय है प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के आधार स्तंभ दादा लेखराज जिनके साकार देह में अवतरित होकर स्वयं ज्योर्तिबिंदु निराकार परमपिता परमात्मा शिव ने इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थापना की और दादा लेखराज को अलौकिक नाम दिया प्रजापिता ब्रह्मा उन्होंने 18 जनवरी 1969 को संपूर्ण स्थिति को प्राप्त कर अपना देह त्याग किया इसलिए ब्रह्माकुमारी संस्था में जनवरी मास को अव्यक्ति मास के रूप में मनाया जाता है इसलिए इस योग तपस्या में सभी को निरंतर यह अभ्यास करना है इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर हम आत्माएं अपना पार्ट बजाने अथवा अभिनय करने आई है वास्तव में हम सभी का मूल निवास स्थान सातवें आसमान से पार है जिसे भिन्न-भिन्न भाषा में कोई ब्रह्मलोक निर्वाणधाम,मुक्तिधाम, परमधाम कहते हैं । हम सभी आत्माओं को उस घर में वापस जाना है । चैतन्य रूप में हम सभी इस देह से भिन्न ज्योर्तिबिंदु आत्माएं है अपने स्वधर्म को भूल भिन्न-भिन्न जाति धर्म भाषाओं में बंट गए हैं तो जनवरी के इस अव्यक्त मास में हम स्वयं भी इसका गहन अनुभूति करेंगे एवं सभी यह प्रयास करेंगे कि यह श्रेष्ठ प्रकंपन समस्त वायुमंडल में फैले तथा सभी मनुष्य आत्माओं को अपने घर की स्मृति व याद आ जाए कि वही हमारा घर है हम एक पिता की संतान आपस में भाई-भाई है व समस्त सृष्टि में सुख-शांतिमय संसार की शीघ्र स्थापना हो सर्व मनुष्य आत्माओं के जीवन से दु:ख अशांति खत्म हो जाए इसलिए इस योग तपस्या कार्यक्रमका विषय वतन मेरा घर रखा हुआ है ।

### भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति दाऊ आनंद ताम्रकार ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात नव वर्ष की दी बधाई



**होमन सिंह ठाकुर/ नंदिनी अहिवारा (समय दर्शन)।** भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दाऊ आनंद ताम्रकार ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के साथ नव वर्ष की बधाई दी, साथ ही अहिवारा विधानसभा क्षेत्र की गतिविधियों को बताया, एवं अहिवारा आने के लिए आमंत्रित किया, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बहुत जल्द अहिवारा आने की बात कही। इस अवसर पर भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य राहुल चंदेल, युवा नेता रौनक ताम्रकार उपस्थित थे।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत संभाग स्तरीय कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन

### आगामी 3 वर्षों में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु अभियान चलाकर किया जाएगा कार्य



**दुर्ग (समय दर्शन)।** मिशन वातसल्य योजना अंतर्गत ''बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान'' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के सेमीनार कक्ष में एक दिवसीय संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दुर्ग संभाग आयुक्त श्री एस.एन. राठौर, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी उपस्थित थे।

संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है। बाल विवाह का दुष्प्रभाव स्वयं के जीवन के साथ-साथ समाज को भी दूषित करता है। संभाग आयुक्त ने अवगत कराया वर्तमान में राज्य में बाल विवाह की दर 12 प्रतिशत है। इस आंकड़े को कम करने के लिए संभाग में हम सबको प्रयास करना है। प्रशासन के समस्त विभाग जैसे स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं जन सामान्य को भी समन्वय बनाकर बाल विवाह की रोकथाम हेतु निरंतर प्रयास करना है।

कार्याशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी ने प्रमुख रूप से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा शासन प्रशासन बाल विवाह रोकथाम के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके तहत चरणबद्ध रूप से संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ अभियान

प्रदेश में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन दृढ़ संकल्पित है। इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देते हुए बाल विवाह से प्रदेश को मुक्त करने हेतु पंचायत राज संस्थाओं व नगरीय निकाय के जन प्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों, स्वयंसेवी संगठनों, महिला समूहों, युवा संगठनों, शासकीय विभागों, गैर-शासकीय संस्थानों एवं आमजनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। शासन और समाज की सहभागिता से बाल विवाह के विरुद्ध व्यापक जन समर्थन से आगामी 3 वर्षों में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु इस अभियान को संचालित किया जाना है।

## प्रशासन की अचानक कार्यवाही से सक्ते में मिशन परिसर के परिवार



**बिलासपुर (समय दर्शन)।** औषधि विभाग के कंधे पर नजूल ने रखी बंदूक और निगम के माध्यम से खाली कराई मिशन कंपाउंड, मुख्य भवन स्थित मेडिकल स्टोर। नजूल सीट नंबर 14 के प्लॉट नंबर 20/1 एवं 21 के भूखंड में स्थित मिशन अस्पताल परिसर का विवाद तू डाल-डाल मैं पात-पात के हिसाब से चल रहा है। पहले नजूल न्यायालय ने इसकी लीज रद्द की। कमिश्नर कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद नजूल अधिकारी ने इस परिसर पर भिन्न-भिन्न भावनों में सांकेतिक कब्जे के नोटिस चस्पा किया। फिर निगम आयुक्त ने परिसर के मुख्य भवन को भयप्रद घोषित करते हुए उसे पर ताला जड़ा इसी बीच औषधि विभाग ने भवन के अंदर स्थित मेडिकल स्टोर पर छापा मार कार्यवाही की और उन्हें इसका विधिवत पक्ष रखने का समय न देते हुए आज मेडिकल स्टोर को खाली कर दिया गया।

3 जनवरी को लगभग डेढ़ से 2:00 बजे निगम की टीम नजूल अधिकारी के नेतृत्व में कार्यवाही करने पहुंच गई थी पर बारात का दूल्हा औषधि विभाग का इंस्पेक्टर लगभग 1 घंटे देर से पहुंचा। इसके पहुंचने पर मुख्य भवन का ताला तीसरी बार खुला पर इस बार मीडिया की उपस्थिति के कारण वीडियो ग्राफी हुई है। फिर मेडिकल स्टोर के ताले खोले गए। बार-बार मेडिकल स्टोर संचालक को अधिकारी फोन भी करते रहे पर मेडिकल स्टोर संचालक नहीं आया। निगम टीम के अधिकारी कर्मचारी, नजूल अधिकारी और औषधि विभाग के दोनों इंस्पेक्टर कैमरे के सामने कुछ भी कहने से बचते रहे। बीच-बीच में परिसर के नागरिकों ने विरोध भी किया सिविल लाइन थाने का पुलिस बल पूरी कार्यवाही के दौरान मौजूद रहा। दो काऊ केचर में निगम ने सामान समेट है जिससे ऐसा लगता है कि मेडिकल स्टोर के अतिरिक्त भी सामान उठाया गया है।

परिसर में रहने वाले नागरिकों का कहना है कि अस्पताल के भीतर लगे तालों को भी तोड़ा गया है पर सरकारी कर्मचारी इस बात से इनकार करते रहे। लीज रद्द होने के इस विवाद में अभी राजस्व मंडल में एक तथा एक प्रकरण व्यवहार न्यायालय में लंबित है। प्रशासन की इस कार्यवाही के बाद परिसर में रहने वाले नागरिक और उसके परिवार चिंतित हैं कि प्रशासन उन पर भी कभी भी बड़ा कार्यवाही कर सकता है।

## राज्य स्तरीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम राजिम रवाना

### बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम राजिम रवाना



**शंकर लहरे/ महासमुंद (समय दर्शन)।** राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में 04 से 06 जनवरी 2025 तक गोबरा नयापारा राजिम जिला गरियाबंद में आयोजित किया गया हैं। जिसमें महासमुंद जिले की बालक एवं बालिका टीम शामिल होगी। जिले की बालक टीम में हिमांशु, शुभम, ओमप्रकाश ध्रुव, कान्हा, जुगेश, यशवर्धन कर, योगेश नाथ, जय चंद्राकर, सागर बंजारे, केशव, भूपेंद्र, अभय, जितू ध्रुव, लखन, राहुल कुर्रे आदि तथा बालिका टीम में वर्षा कोसरे, दामिनी वर्मा, दामिनी कहार, रुक्मणी साहू, सविता जोशी, माधुरी पारेश्वर, महेश्वरी चंद्राकर, हिना चक्रधारी, लविना चंद्राकर, वीना साहू, मोना साहू शामिल हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को बादल मक्कड़, तन्मय लूनिया, नरेश चंद्राकर, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद, तारिणी चंद्राकर, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा सोहन लाल पाटकर, अध्यक्ष शाला विकास समिति लखनू निर्मलकर, तुलेंद्र सागर, प्रदेश सह सचिव एवं जिला सचिव अंकित लूनिया, मोबीन कुरैशी, नरेश चंद्राकर, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, लोकेश साहू, सुधीर चंद्राकर, विनय वर्मा, गजेंद्र यादव, कमल नारायण वर्मा, प्रभात सेठ, भूषण ने अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## युवा सद्भावना से खेल एवं अन्य प्रतिभाओं का प्रदर्शन करें-अशोक साहू

### कौही में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन एवं पुरस्कार वितरण



**पाटन (समय दर्शन)।** जय बजरंग युवा कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में नूतन वर्ष 2025 के पावन अवसर पर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग थे, अध्यक्षता रमन टिकरिहा सभापति जप ने की।विशेष अतिथि मनोरमा टिकरिहा सरपंच,कमलेश वर्मा सरपंच बोरेन्दा,डा.नोहर साहू,तुलाराम साहू समाजसेवी,धनेश्वर देवांगन उपसरपंच,संतराम निषाद पंच ने वीर हनुमान की पूजा अर्चना पश्चात फाइनल मैच का आनंद लिया।

कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता देवरी बालोद,उपविजेता सिलघट की टीम रही। मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष श्री साहू ने युवाओं एवं ग्रामवासियों को नूतन वर्ष 2025 की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए युवाओं को सद्भावना से खेल खेलते हुए अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करना चाहिए।

रमन टिकरिहा सभापति ने ग्राम विकास सहित धार्मिक आयोजन में सहभागिता देते हुए समरसता का वातावरण निर्मित करें।

इस अवसर पर हेमलाल सोनकर,धनंजय देवांगन,तिलोचन साहू, खोरबाहरा निषाद, विजय साहू,अशोक ठाकुर,गौरव साहू,उमेंद्र साहू, सुखदेव यादव, कृष्णा नंदन साहू,द्वारिका साहू,राजा साहू,धनराज यादव, टीकम ठाकुर, भगवान सिंह निषाद,राकेश निषाद,थलेश्वर यादव, टाकेश, गिरवर, रणजीत, ठाकुर साहू,तुलेश्वर, कमलेश्वर, परमेश्वर, वासुदेव, मिथलेश, तिलेंद्र, करण खिलाड़ी सहित समिति सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय टेट्राथलान चैंपियनशिप नासिक में जिले के अभिषेक एवं पूनम होंगे शामिल

### जिले के 02 खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय टेट्राथलान चैंपियनशिप नासिक महाराष्ट्र के लिए



**शंकर लहरे/ महासमुंद (समय दर्शन)** 2रॉ टेट्राथलान नेशनल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन दिनांक 3 से 4 जनवरी को नासिक महाराष्ट्र में आयोजित किया जाएगा जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में महासमुंद जिले के 02 खिलाड़ी अभिषेक एवं शामिल हैं। डॉ. सुनील कुमार भोई ने बताया कि महासमुंद जिले के खिलाड़ी अभिषेक निर्मलकर पिता विजय कुमार निर्मलकर, तुमगांव एवं पूनम साहू पिता तिजाऊ राम साहू ग्राम पंचायत अछोली का चयन हुआ हैं। राष्ट्रीय टेट्राथलान चैंपियनशिप नासिक में खिलाड़ी तलवारबाजी, तैराकी, शूटिंग एवं एथलेटिक्स की विधा में भाग लेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, राकेश चंद्राकर, के के साहू, गौतम सिंहा, धर्मेंद्र यादव, विजय बांधे, शैलेन्द्र सेन, पप्पू पटेल, हर्ष शर्मा, गजेंद्र साहू, प्राचार्य एल एन दीवान, डॉक्टर सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग, डोलेश होता, जगदीश धीवर ने शुभकामनाएं दीं।

# सेलूद गायत्री महायज्ञ: दूसरे दिन यज्ञ हवन पूजन के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम

### श्रीमद प्रज्ञा महापुराण कथा के साथ महिला सम्मेलन का आयोजन



**पाटन (समय दर्शन)।** ग्राम सेलूद में 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा और विराट महिला सम्मेलन के आयोजन के दूसरे दिन आज सुबह से महायज्ञ में भक्तों ने आहुति डाली। शांति कुंज हरिद्वार से आए टोली के द्वारा आज सभी देवी देवताओं का आह्वान करके महायज्ञ शुरू किया गया। 24 कुंडीय महायज्ञ में आज बैठने के लिए विशेष रूप से सभी जन सपत्नीक आए हुए थे। एक कुंड में चार परिवार की बैठने की व्यवस्था रखी गई थी। इस तरह से सुबह 10:00 बजे से लेकर दोपहर 1:00 बजे तक हवन यज्ञ चला। इसके बाद द्वितीय सत्र में भक्ति प्रवचन का श्रृंखला शुरू हुई जिसमें हरिद्वार से आई टोली के द्वारा संगीत मय प्रवचन दिया गया। अकार्यक्रम में सांसद विजय बघेल और उसकी पत्नी रजनी बघेल विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा आसपास के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि पंचायत के सदस्य हर्षा चंद्राकर व अन्य भी मौजूद रहे। सुबह पूजा अर्चना करके महा यज्ञ की शुरुआत हुई । जिसमें गायत्री परिवार के वॉलिंटियर्स के मार्गदर्शन में हवन यज्ञ पूजन संपर्क कराया गया। सांसद विजय बघेल एवं उनकी पत्नी श्रीमती रजनी बघेल के द्वारा कलश पूजन कर शांति कुंज से आए हरिद्वार की टोली का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक सरपंच श्रीमती खेमीन साहू ,पूर्व सरपंच खेमलाल साहू, संजय यदु, अजय सिंह, अशोक सिंह राजपूत, नेत्रपाल सिंह, रमेश देवांगन, तोमन लाल साहू, महेश्वर बंछोर, कौशल बनपेला, सहित अन्य नागरिक व गायत्री परिवार के हजारों लोग मौजूद रहे। इस आयोजन के तीसरे दिन शनिवार को भी सुबह 9 बजे से 24 कुंडीय यज्ञ प्रारंभ होगी। दोपहर के बाद विराट महिला सम्मेलन का भी आयोजन रखा गया है। जिसमें महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े भी मौजूद रहेंगी।

**सुबह से रात तक चल रही है भोजनालय-** सेलूद में हो रहे हैं इस आयोजन में दूर-दूर से गायत्री परिवार से जुड़े हुए लोग पहुंच रहे हैं । पहले दिन से ही भोजनालय में सुबह से लेकर रात्रि के 10:00 बजे तक भोजन की व्यवस्था की जा रही है। अलग-अलग चार स्टाल लगाए गए हैं। साथ ही साथ ग्राम सेलूद के कई ग्रामीण अपनी सेवाएं यहां पर समय दान के रूप में दे रहे हैं। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर युग साहित्य सहित अन्य स्टॉल भी लगाए गए हैं।। जिसमें भी लोगों के भीड़ जुट रही है। यज्ञ पंडाल के ठीक सामने ही विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां भी विराजित की गई है।। साथ ही साथ भारत माता की मूर्ति स्थापना किया गया है जो की काफी देखने लायक है।

**सार समाचार**

## फर्जी बिल से 45 लाख का गबन

**रायपुर( समय दर्शन )।** फर्जी बिल से 45 लाख का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सतीश सिंगौर 30 वर्ष जोरा लाभांडी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अमित अग्रवाल ने नेशनल कॉर्पोरेट जीई रोड सेक्टर नगर में काम करता है, ने फर्जी निर्माण संबंधी सामाग्री का फार्म अमन ट्रेडर्स खोलकर फर्जी तरीके से प्रार्थी के कंपनी से सामाग्री की मांग कर फर्जी बिल तैयार किया और कंपनी से 40 से 45 लाख का गबन कर लिया।

## ईट से हमला कर बुजुर्ग की हत्या

**रायपुर( समय दर्शन )।** ग्राम कांदुल में ईट पत्थर से हमला कर बुजुर्ग की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजकुमार शर्मा 60 वर्ष हाऊसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला था। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने राजकुमार शर्मा को ईट से मारकर सीने व चेहरा पर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी।

## अलग-अलग क्षेत्र से तीन वाहन पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने एक भारी वाहन और दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में गाजीनगर बीरगांव निवासी मोहम्मद इरशाद 21 वर्ष ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलके 8526 को रिंग रोड स्थित झाबक पेट्रोल पंप के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ट्रक की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम खुड़मुड़ा निवासी सागर निषाद 19 वर्ष ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 25 पी 0324 को जायसवाल निको पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 62 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह महादेव घाट निवासी खुशाल तिवारी 23 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमई 6628 को रावणभाठा मैदान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताइ जा रही है।

**जगदलपुर में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय का भूमिपूजन**

# वसुधैव कुटुम्बकं और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है हमारी सनातन परम्परा - मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने संस्था के विकास हेतु 50 लाख रुपए देने की घोषणा की




**रायपुर( समय दर्शन )।** कोई भी देश तभी मजबूत रह सकता है जब उसकी बुनियाद मजबूत हो। हमारे देश की बुनियाद हमारी सनातन परंपराओं में है। सनातन परंपरा हमें वसुधैव कुटुम्बकं की सीख देती है और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है। अपने देश और राज्य की तरक्की के लिए बहुत जरूरी है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को भी सनातन परंपरा के वही संस्कार प्रदान करें जो हमें अपने शिक्षकों और अभिभावकों से मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर के समीप ग्राम कंगोली में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गायत्री मंत्र हमारी सनातन परंपरा का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है। यह मंत्र हमें सन्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करता है। विद्या भारती संस्थान में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा के साथ-साथ देशभक्ति के संस्कार भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मानव जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है और इसी ध्येय के साथ प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास पर भी जोर दे रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम जैसी उच्च स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान उपलब्ध हैं। इसके अलावा राज्य में 341 पीएम श्री स्कूल स्थापित किए गए हैं जहां गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही प्रदेश के विद्यार्थियों को जरूरी सुविधाएं और अनुकूल वातावरण प्रदान करने नालंदा परिसर भी बड़े शहरों में स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति और दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी के लिए बनाए गए यूथ हॉस्टल के संबंध में भी जानकारी दी। कार्यक्रम को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल से अग्निवीर हितेश साहू ने की मुलाकात



**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर निवासी और भारतीय सेना के गौरवशाली अग्निवीर हितेश साहू ने गुरुवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। हितेश साहू अपनी ट्रेनिंग पूरी कर चुके है और बीकानेर, राजस्थान में पहली पोस्टिंग मिली है, जहां रवाना होने से पहले उन्होंने सांसद बृजमोहन से मुलाकात कर अपनी सेवाओं और अनुभवों के बारे में जानकारी साझा की और देश की सेवा में अपना योगदान देने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अग्निवीर हितेश साहू के साहस और देशभक्ति की सराहना की। उन्होंने कहा, अग्निवीर योजना भारतीय सेना और देश के युवाओं के लिए एक दूरदर्शी कदम है। इस योजना के माध्यम से न केवल सेना को युवा, उत्साही और तकनीकी रूप से सक्षम सैनिक मिल रहे हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, कौशल और सेवा का अद्वितीय अवसर भी प्राप्त हो रहा है। हमारे युवाओं का सेना में योगदान न केवल उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। हितेश जैसे युवा हमारे देश की सुरक्षा के मजबूत स्तंभ हैं।

# तीन नकली पुलिस कर्मी वसूली करते गिरफ्तार




**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर पुलिस ने एक फिल्मी कहानी जैसी घटना को सच्चाई में बदलते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो पुलिस की वर्दी पहनकर अवैध वसूली कर रहे थे. इन आरोपियों ने रेत से लदी हाईवा को रोककर खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए वाहन के कागजात की मांग की. जब वाहन चालक ने कागजात देने से मना किया, तो उन्होंने गाड़ी को थाने में बंद करने की धमकी दी और एक-एक हजार रुपये की वसूली की. यह पूरा मामला आरंग थाना क्षेत्र का है.जानकारी के अनुसार, प्रार्थी रमेश साहू और अपने साथी रविशंकर रजक के साथ 29 दिसंबर को रेत लेकर मोहकम रेत घाट से लौट रहा था. रात करीब 2 बजे, चरण ढाबा समोदा के पास एक स्कॉर्पियो वाहन में सायरन और बत्ती लगी थी, जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे. उन्होंने हाईवा को रोककर पुलिस होने का दावा किया और वाहन के कागजात और रायल्टी मांगी. कागजात नहीं देने पर उन्होंने गाड़ी को थाने में बंद करने की धमकी दी और एक-एक हजार रुपये की मांग की.प्रार्थी ने उनसे नाम पूछा तो खुद को पुलिस बताने वालों ने अपना नाम प्रवीण चन्द्राकर, भागवत वैष्णव और निखिल कुमार बाघमारे बताया. मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनसे पूछताछ की, तो उन्होंने अपराध करना स्वीकार किया. पुलिस ने आरोपियों के पास से पीएसओ द्वारा पहनी जाने वाली नीली सफारी वर्दी और स्कॉर्पियो सीजी 04 एन 7043, जिसमें सायरन एवं बत्ती लगी हुई थी, एक-एक हजार रुपये और जब्त पत्रक जब्त कर लिया. इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है.

# प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध: मंत्री राजवाड़े



**रायपुर( समय दर्शन )।** महिला-बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने गुरुवार को सक्ती जिले के नगर पंचायत जैजैपुर को 3.30 करोड़ रूपए से अधिक की लागत के 29 विकास व निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। मंत्री राजवाड़े ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आगामी समय में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में परित्यक्ता और विधवा महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने नगर पंचायत जैजैपुर सहित जिलेवासियों को विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। मंत्री राजवाड़े ने नव वर्ष 2025 की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगर पंचायत जैजैपुर क्षेत्र में 3 करोड़ 30 लाख रुपए से भी अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। प्रदेश सरकार के गठन के बाद अल्प समय में ही तेजी से अनेकों कार्य कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रुपए की 11वीं किस्त जारी की जा चुकी है।

## डी के एस अस्पताल में भर्ती विधायक देवेंद्र यादव का होगा ऑपरेशन



**रायपुर( समय दर्शन )।** भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को राजधानी को दाऊ कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में ऑपरेशन होने वाला है। विधायक यादव हर्निया और हाइड्रोसील बीमारी से ग्रसित है। बता दें कि भिलाई विधायक देवेंद्र यादव बीते 5 दिनों से राजधानी के डीकेएस अस्पताल में भर्ती हैं। बलौदाबाजार हिंसा मामले में वे जेल में बंद थे, इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार होने के बाद उनका ऑपरेशन किये जाने की तैयारी चल रही है। विधायक यादव को हर्निया और हाइड्रोसील बीमारी के इलाज के लिए सेंट्रल जेल से दाऊ कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। ऑपरेशन से पहले उनके मेडिकल फिटनेस को लिए उन्हें दो दिन पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल भेजा गया था, जहां सारे जांच किए जा रहे हैं। मेडिसिन विभाग से आज मेडिकल फिटनेस रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर्स उनका ऑपरेशन करेंगे। बता दें, 2024 में छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में सबसे बड़ी आगजनी और हिंसा की घटना हुई थी। इस घटना में कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय जलाकर खाक कर दिए गए थे और शहर में भी काफी हिंसा हुई थी।

गायक दिलजीत दोसांझ ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की.



## 48 घंटे में 5 हत्याओं से राजधानी में डर का माहौल : कांग्रेस

**रायपुर( समय दर्शन )।** 48 घंटे में राजधानी में पांच हत्या की घटना हुई है प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रोज हो रही हत्यायों से पूरी राजधानी में भय का माहौल है रायपुर में हत्या और चाकूबाजी की घटनाये लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार कुंभकर्णीनिंद्रा में सोई हुई है। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, राजधानी में औसतन रोज तीन हत्या हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं होता भयावह हत्या की एक दो घटनाएं न होती हो, अपराधी इतने बेलगाम हो गये है कि सरेआम सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मार रहे, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। रोज हो रहे सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं से प्रदेश शर्मसार। पूरे प्रदेश में नागरिकों को भय के माहौल में जीवन जीना पड़ रहा है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाएं बढ़ गयी। रोज समाचारों में प्रदेश भर में तीन से चार मासूब अबोध बच्चियों के साथ तथा सामूहिक दुराचार की घटनाओं की खबरें सामने आ रही। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अपराधिक तत्व इतने बेखौफ हो गये है कि उनमें पुलिस का भय जरा भी नहीं बचा है। राह चलते किसी को भी चाकू मार दी जा रही, सड़कों पर खुलेआम हत्या हो रही है। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है राजधानी में सरेआम गोलीबारी की पांच घटनाएं हो चुकी है। सरकार की नाकामी और पुलिस की लापरवाही का परिणाम है कि प्रदेश की राजधानी असुरक्षित हो चुकी है। राजधानी रायपुर चाकूपुर बन गया है। प्रदेश के लगभग सभी शहरों में रोज ही हत्याएं हो रही है।

# राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए निर्णायक की भूमिका के लिए अभय कुमार गणोरकर का चयन



**रायपुर।** वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तरफ से सीनियर नेशनल वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर राजस्थान में दिनांक 7/1/2025 से 13/1/2025 आयोजित है जिसमें वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तरफ से छत्तीसगढ़ के नेशनल रेफरी अभय कुमार गणोरकर (ASI)का चयन निर्णायक की भूमिका के लिए किया गया है जो की छत्तीसगढ़ पुलिस रायपुर में (ASI) के पद पर टाटीबंध थाना में पदस्थ है । रायपुर SSP महोदय श्री डॉ.लाल उमेन्द्र सिंह सर जी ने अभय को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं विभाग के लिए गौरव की बात कही है। साथ ही छत्तीसगढ़ वालीबॉल एसोसियन के उपाध्यक्ष श्री अकरम खान जी, सचिव श्री छ्स्क हेम प्रकाश नायक, DSP लाइन श्री निलेश द्विवेदी सर RI सर जी में अभय को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)**

**संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना कमांक-21**

ज्ञा.कं. 10 / व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2024-25 दुर्ग, दिनांक 2 /01/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | शासकीय चन्द्रशेखर आजाद उ.मा.विद्यालय पंचशील नगर दुर्ग में मरम्मत कार्य | 12.58 |
| 2 | शास. पूर्व माध्य. शाला कातुलबोर्ड दुर्ग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | 14.81 |
| 3 | संजय नगर सुपेला परमेश्वरी विद्यालय के पास अतिरिक्त कक्ष का निर्माण | 8.93 |
| 4 | वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत नगर निगम भिलाई में 20 स्थानों पर बोर खनन एवं पम्प लगाने कार्य | 19.70 |

**उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में दिनांक 02/01/2025 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 16/01/2025 है।**

जी-242505063/1

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग

**कार्यालय प्रभारी चिकित्साधिकारी सिविल अस्पताल सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
civilhospitalsupela@gmail.com
Cont.-0788-4912255

क्रमांक / सि.अ./ निविदा/2025/01 सुपेला, दिनांकः 01-01-2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय सिविल अस्पताल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग में सायकल / मोटर स्टैण्ड के संचालन हेतु निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से अधिकृत / संस्था / समूह पंजीकृत संस्था इत्यादि उल्लेखित तिथी अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसका नियम एवं शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक कार्यालय सिविल अस्पताल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग से प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा प्रपत्र मूल्य - रू. 1000.00 (वापसी आयोग्य)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथी - 24/01/2025 दोपहर 03:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथी - 27/01/2025 दोपहर 12:00 बजे तक
4. निविदा खोले जाने की तिथी - 27/01/2025 दोपहर 01:00 बजे

सीलबंद निविदाएं, कार्यालय सिविल अस्पताल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन-490023 के नाम से रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट / कोरियर से कार्यालय में अंतिम तिथि तक पहुंच जाने चाहिए, समय पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा, वह स्वमेव निरस्त मानी जावेगी। लिफाफे के ऊपर विषय अनिवार्य रूप से लिखा होना चाहिए।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया जा सकता है, जिसकी सूचना कार्यालय के सूचनापोर्टल में चस्पा कर दी जावेगी।

(निविदा शर्तों का सही व पूर्णतः अध्ययन करने के बाद ही निविदा मे भाग लें।)

प्रभारी चिकित्साधिकारी
सिविल अस्पताल सुपेला, भिलाई
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

जी - 242505040/1

## संपादकीय

### विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी

संकेत साफ है। श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्टपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। दिसानायके ने यह दो टूक भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। श्रीलंका के राष्टपति अनूरा कुमारा दिसानायके की यात्रा से भारत को दो आश्वासन मिले। पहला तो यही कि दिसानायके ने राष्टपति के रूप में अपनी विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। नई दिल्ली में उसका मतलब यह समझा गया है कि श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्टपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। फिर दिसानायके ने भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। मतलब यह समझा गया कि चीनी खोजी एवं अन्य जहाजों को श्रीलंका में लंगर डालने की अनुमति दी भी गई, तो श्रीलंका सरकार सुनिश्चित करेगी कि वे वहां से भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाली किसी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। दिसानायके अगले महीने चीन जाने वाले हैं। चूंकि भारत में पड़ोसी देशों के चीन से संबंध को लेकर एक खास तरह की संवेदनशीलता रहती है, इसलिए निश्चित रूप से यहां के कूटनीतिकों की नजऱ उस यात्रा पर रहेगी। फिलहाल, यह साफ हुआ है कि श्रीलंका की नई सरकार की अपनी प्राथमिकताएं हैं। 2022 में जिस आर्थिक संकट में देश फंसा था, उसके असर से आज भी नहीं उबर पाया है। ऊपर से आईएमएफ से लिए गए कर्ज की शर्तों ने सरकार के लिए नई चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे में भारत जैसे बड़े पड़ोसी देश के साथ किसी विवाद में उलझने का जोखिम वहां की सरकार शायद ही उठा सकती है। मगर वह चीन की उपेक्षा करने की स्थिति में भी नहीं है, जिसका बहुत भारी निवेश श्रीलंका में है। संकेत यह है कि दिशानायके इन दोनों बड़े देशों की संवेदनशीलताओं का ख्याल करते हुए फिलहाल दोनों से सद्भावपूर्ण संबंध को प्राथमिकता दे रहे हैं। नई दिल्ली में यह संदेश देने के बाद उनकी कोशिश बीजिंग में भी ऐसा ही पैगाम देने की होगी। बहरहाल, भारत यात्रा के दौरान, जैसाकि अक्सर शिखर नेताओं की यात्रा के समय होता है, कुछ महत्त्वपूर्ण व्यापार एवं रक्षा समझौते भी हुए। इनसे भी सकारात्मक प्रभाव पैदा हुआ है। भारत के लिए अच्छी बात है कि जिस समय विभिन्न पड़ोसी देशों से चुनौती भरे संकेत आ रहे हैं, श्रीलंका ने उसे आश्वस्त किया है।

## दक्षेस से भारत को सतर्क रहने की जरूरत

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

महाशक्तियों की राजनीतिक और आर्थिक महत्त्वाकांक्षाओं ने तीसरी दुनिया के उभरने की संभावनाओं को सुनियोजित तरीके से खत्म कर दिया है। इसका प्रतिबिंब है दक्षिण एशिया और इन देशों का क्षेत्रीय संगठन दक्षेस जिसे सार्क भी कहा जाता है। अमेरिकी प्रभाव में पाकिस्तान की जमीन का सैन्य कार्यों के लिए उपयोग और नेपाल के आधे-अधूरे लोकतंत्र पर चीनी कम्युनिज्म की काली छाया के चलते दक्षिण एशिया के देशों को एकजुट रखने का ख्वाब कई दशकों पहले ही टूट चूका है। इस क्षेत्र में विभिन्न देशों के बीच राजनीतिक मुद्दों पर गहरे तनाव बढ़े हैं तथा सांस्कृतिक टकराव की स्थितियां भी निर्मित हो गई है। इन जटिल स्थितियों ने सबसे ज्यादा चोट दक्षेस की स्थापना को पहुंचाई है जिसका उद्देश्य दक्षिण एशिया को एकजुट करना और इसके देशों के बीच समृद्धि, विकास और शांति को बढ़ावा देना बताया जाता था। हाल ही में बांग्लादेश और पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष किसी तीसरे देश में मिले और उनके बीच सार्क को पुनर्जीवित करने पर बात हुई तो इसमें संभावनाएं कम और मनोवैज्ञानिक दबाव की कूटनीति ज्यादा नजर आई। दरअसल, बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत के इस पड़ोसी देश की राजनीतिक परिस्थितियों में भी भारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। लंबे समय से सत्ता पर काबिज शेख हसीना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन देश में राजनीतिक परिवर्तन के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन बाद में कट्टरपंथी शक्तियों के प्रभाव में अब यह भारत विरोध के आंदोलन में परिवर्तित हो गया है। बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस की पाकिस्तान के साथ राजनीतिक मुद्दों पर समाधान की जल्दबाजी की कोशिशों में सकारात्मक पहल से ज्यादा भारत पर मनौवैज्ञानिक दबाव बनाने की कूटनीति ज्यादा नजर आ रही है और इसकी छाया दक्षिण एशिया के देशों के बीच आपसी सहयोग की संभावनाओं को पूरी तरह खत्म कर सकती है। सार्क में आठ देश भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव और अफगानिस्तान शामिल है। 8 दिसम्बर 1985 को काठमांडू, नेपाल से शुरू हुए इस क्षेत्रीय संगठन को तीसरी दुनिया के हितों के संरक्षण के लिए उम्मीदों के तौर पर देखा गया था और यह विश्वास किया गया था कि यह एक साझी आवाज होगी जिससे इन देशों को वैश्विक मंच पर अपने मुद्दों को उठाने में मदद मिल सके। दक्षेस का पहला शिखर सम्मेलन 1985 में आयोजित हुआ था और इसके बाद से यह संगठन तमाम विरोधाभासों के बाद भी विभिन्न देशों के नेताओं की बैठकें आयोजित करता रहा है। यह संगठन क्षेत्रीय संघर्ष, आतंकवाद, नशीले पदाथरे की तस्करी और सीमा विवादों के समाधान के संभावनाओं पर भी काम करता है। दक्षिण एशिया दुनिया की सबसे पुरानी ज्ञात सभ्यताओं में से एक सिंधु सभ्यता का घर है और दुनिया की सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। जातीय, भाषाई और राजनीतिक विखंडन के इतिहास के बावजूद, इस क्षेत्र के लोग एक समान सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टिकोण से एकजुट माने जाते हैं। वैश्विक भुखमरी सूचकांक की एक रिपोर्ट में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका की स्थिति बेहद निम्नतम बताई गई है। जलवायु परिवर्तन और कोविड महामारी से भुखमरी का संकट तो बढ़ा ही है साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की समस्याएं भी विकराल हो गई है। दक्षिण एशिया के कई देश राजनीतिक उथल-पुथल के शिकार रहे हैं और भारत को छोड़कर अन्य देशों में अस्थिरता का अंदेशा बना रहता है। दक्षेस की स्थापना का उद्देश्य दक्षिण एशिया में आपसी सहयोग से शांति और प्रगति हासिल करना बताया गया था, लेकिन विभिन्न देशों के बीच विवाद इस पर पूरी तरह हावी रहे और इसी का परिणाम है कि दुनिया की बड़ी आबादी वाला यह संगठन आर्थिक समस्याओं का समाधान करने में विफल रहा है।

# अमेरिका की आतंकी घटनाएं लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों के लिए गम्भीर खतरा

कमलेश पांडे

दुनिया का थानेदार बन चुके अमेरिका में नए वर्ष पर एक के बाद एक हुए तीन आतंकी हमलों से न केवल अमेरिकी नागरिक बल्कि पूरी दुनिया में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की चाह रखने वाले लोग भी स्तब्ध हैं! क्योंकि ये घटनाएं लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों के लिए गम्भीर खतरा बन चुकी हैं। कहना न होगा कि ब्रेक के बाद हुई इन जघन्य आतंकी घटनाओं की पुनरावृत्ति से यह साफहो चुका है कि आतंकवाद एक लाइलाज मर्ज बन चुका है। इसका माकूल इलाज करने में दुनियावी लोकतांत्रिक सरकारें व उनके मातहत प्रशासन अब तक इसलिए विफल है कि आतंकवाद उन्मूलन को लेकर उसके दोहरे मानदंड हैं।

बता दें कि नए साल के जश्न के दौरान न्यू ऑरलियन्स में एक ड्राइवर ने अपना पिकअप ट्रक भीड़ पर चढ़ा दिया और उन पर गोलीबारी भी की। इस प्रकार अमेरिका में नए वर्ष का आरंभ तीन हिंसक हमलों से हुआ। पहला आंतकी हमला न्यू ऑरलियंस में बुधवार तड़के हुआ जिसमें अमेरिका के ही एक भूतपूर्व सैनिक ने जश्न मना रहे लोगों पर तेज रफ्तार पिकअप ट्रक चढ़ा दिया जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। वहीं, दूसरी आतंकी वारदात इसके कुछ ही घंटों बाद हुई, जब लास वेगास में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के होटल के बाहर एक टेस्ला साइबर ट्रक में विस्फोट हुआ जिसमें ट्रक में मौजूद व्यक्ति की मौत हो गई और सात घायल हो गए। जांचकर्ता इस विस्फोट की जांच आतंकी घटना के तौर पर ही कर रहे हैं और उन्हें इस घटना एवं न्यू आरलियंस की घटना के बीच लिंक भी मिला है।

वहीं, तीसरी आतंकी घटना बुधवार को रात 11.20 बजे घटी। जिसमें न्यूयार्क में क्वीन्स के अमाजुरा नाइटक्लब के बाहर तीन से चार लोगों के समूह ने कम से कम 30 राउंड फायरिंग की। इसमें 16 से 20 आयुवर्ग के लड़के-लड़कियां घायल हुए हैं। किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। इस नाइटक्लब में हुई लक्षित फायरिंग में 11 लोग घायल हो गए।

उल्लेखनीय है कि न्यू ऑरलियंस में हमले को अंजाम देने वाला 42 वर्षीय शमशुद्दीन जब्बार टेक्सास निवासी अमेरिकी नागरिक है, जो अमेरिका सेना में काम कर चुका है। वह साल 2007 में सेना में शामिल हुआ था। वर्ष 2009 से 2010 तक वह अफगानिस्तान में तैनात रहा था। जबकि वर्ष 2020 में उसने स्टाफ सार्जेंट की रैंक पर रहते हुए सेना छोड़ दी थी। उसके ट्रक के पिछले हिस्से से इस्लामिक स्टेट (आईएस) का झंडा मिला है। शुक्र है कि अमेरिकी पुलिस ने तत्काल ही मुठभेड़ में उसे मार गिराया था। अन्यथा वह और कई लोगों की जान ले लेता।



वहीं, एफबीआई का मानना है कि वह अकेला नहीं था बल्कि उसके साथ और भी लोग शामिल थे, जिनकी खोज में पुलिस जुटी हुई है। हैरत की बात है कि जांचकर्ताओं को जब्बार के वाहन से दो पाइप बमों समेत कई आइईडी भी मिली हैं। वहीं, सर्विलांस फुटेज से पता चला है कि तीन पुरुष एवं एक महिला इनमें से एक उपकरण को लगा रहे थे, लेकिन एफबीआई ने इसकी पुष्टि नहीं की। इस हमले के बाद नववर्ष के पहले दिन होने वाला शुगर बाउल गेम स्थगित कर दिया गया। उधर, लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर विस्फोट करने वाले टेस्ला के साइबर ट्रक के पिछले हिस्से में फायरवर्क मोर्टार और गैसोलीन के कनस्तर लदे थे। ब्राजील से लास वेगास आई एक प्रत्यक्षदर्शी अना ब्रूस ने बताया कि उसने तीन विस्फोटों की आवाज सुनी थी। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां न्यू ऑरलियंस के आतंकी हमले और लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर टेस्ला साइबर ट्रक विस्फोट के बीच किसी भी संभावित कनेक्शन की जांच कर रही हैं। दोनों घटनाओं में इस्तेमाल किए गए वाहन एक कार रेंटल साइट 'टुरो' से किराये पर लिए गए थे, जिससे अधिकारियों को दोनों घटनाओं के बीच संबंधों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया गया। हम लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर साइबर ट्रक के विस्फोट को ट्रैक कर रहे हैं।

सोचने वाली बात तो यह है कि जब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ ने बातों ही बातों में दो टूक कह दिया कि उनके देश में आने वाले अपराधी देश में मौजूद अपराधियों से ज्यादा बुरे हैं, तो उनकी बातों को गम्भीरता से लिए बिना उनका मजाक उड़ाया गया। यदि समय रहते ही अमेरिकी प्रशासन संभल गया होता तो इन घटनाओं को टाला जा सकता था। नववर्ष 2025 जैसे मौके पर वहां ताबड़तोड़ हुई अकल्पनीय हिंसक वारदातें यह जाहिर कर चुकी हैं कि ट्रंफगलत नहीं थे। वहीं, टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह आतंकवादी कृत्य है। फिर वह विश्वास पूर्वक कहते हैं कि यह आतंकवादी कृत्य है।

देखा जाए तो आतंकवादी निरोधी उपाय करने में पूरी दुनिया कई हिस्सों में बंट चुकी है और सभी गुट प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एक-दूसरे के खिलाफ आतंकियों को शह दे रहे हैं, जिससे उनकी नृशंस करतूतें बेरोकटोक जारी हैं। चाहे अमेरिका हो या इजरायल, फ्रांस हो या जर्मनी, इंग्लैड हो या भारत, सभी देश किसी न किसी रूप में आतंकवादियों/अतिवादियों से जूझ रहे हैं। फिर भी खुले दिल से एक दूसरे का सहयोग नहीं कर पा रहे हैं और सवाल उठने पर अपनी-अपनी राजनयिक मजबूरियों का हवाला देते हैं। वहीं, दूसरी ओर चाहे चीन हो या रूस, तुर्किये हो या ईरान, पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान, बंगलादेश हो या सीरिया, ऑस्ट्रेलिया हो या जापान, दक्षिण अफ्रीकी देश हों या दक्षिण अमेरिकी मुल्क, आतंकवाद निरोधी सबकी प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिकियों की देखा-देखी सबने अपने-अपने आतंकियों की फौज पाल ली है, ताकि वो अपना-अपना कारोबारी और राष्ट्रीय हित साध सकें। इसी का फायदा अरब देशों के शांतिप्रिय समुदाय को मिल रहा है। इस स्थिति ने दुनिया में इस्लामिक शासन और सरिया कानून को लागू करने के उनके मंसूबे को साकार कर दिया है। जिस तरह से वे लोग तुर्किये, ईरान और पाकिस्तान आदि की अगुवाई में संगठित होकर कदमताल भरते हुए आगे बढ़ रहे हैं, उससे साफ है कि चरित्र विहीन धर्मनिरपेक्षता देर-सबेर उनकी सांप्रदायिक जिद्द के सामने घुटने टेक ही देगी। अफगानिस्तान उनके लिए रोल मॉडल बन चुका है। बंगलादेश उनके लिए नया प्रयोगशाला बन चुका है। इन जैसे विभिन्न मुल्कों में आतंकियों की सरकारों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अमेरिका और भारत जैसे आतंकवाद पीड़ित देशों का भी समर्थन प्राप्त है, चाहे इन देशों की लाचारी जो भी हो।सच कहूं तो जिस तरीके से इस्लाम परस्त वीर बांकुड़े आतंकी रह-रह कर पूरी दुनिया में अपने नृशंस कारनामें दिखा रहे हैं, एक न एक दिन लोग भयजदा होकर उनकी अधीनता स्वीकार कर ही लें। जहां-तहां ऐसा हो भी रहा है। यही वजह है कि कथित लोकतंत्र की डींगें हांकने वालों और ढपोरशंखी धर्मनिरपेक्षता की शोर मचाने वालों को अब यह समझ में नहीं आ रहा है कि आतंक प्रेमी 'शांतिप्रिय समुदाय' की बढ़ती नापाक वैश्विक आतंकी आकांक्षाओं यानी आतंकवाद के दबदबे वाले शासन-प्रशासन के स्वरूप को आखिर थामा कैसे जाए? क्योंकि आतंकवादियों के हौसले बुलंद हैं। चूंकि उनका शुभचिंतक देश पाकिस्तान, ईरान, तुर्किये, कनाडा आदि जैसे हैं। लिहाजा, अब ये भस्मासुर की तरह अमेरिका को ही भस्म करने पर उतारू हैं। वैसे तो भारत और इजरायल जैसे देश उनके एजेंडे में बहुत पहले से हैं। चूंकि उनके मंसूबे अफगानिस्तान से लेकर बंगलादेश तक में सफल हो चुके हैं, इसलिए उन्हें अब रोक पाना संभव नहीं है। वो देर-सबेर पूरी दुनिया में इस्लामिक हुकूमत और सरिया कानून लागू करवा लेंगे, क्योंकि धर्मनिरपेक्ष लोग उद्देश्य विहीन उपभोग में मस्त हैं। उनका समाजवादी लोकतंत्र, पूंजीवादी चोला ओढ़ चुका है। वह अपने निहित लाभ के लिए तरह-तरह के मानवताद्रोही अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहा है। इससे परेशान लोगों द्वारा आतंकवादियों/ अतिवादियों/ नक्सलियों को मदद मिल रही है।

आलम यह है कि आजकल लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों परस्पर मिलकर हिंसा-प्रतिहिंसा का निर्यात कर रहे हैं और गैर जरूरतमंद देशों को भी इसके आयात के लिए बाध्य करते हैं। शांतिप्रिय समुदाय को यदि जियो और जीने दो का पाठ यह दुनिया नहीं पढ़ा पा रही है तो इसका सीधा मतलब है कि उसे सिर्फकारोबारी लाभ से वास्ता है, भले ही वह बम-बारूद, कफ़न-ताबूत के कारोबार को ही बढ़ाकर क्यों नहीं हासिल की जाए। यह कड़वा सच है कि अबतक पिछले दरवाजे से दुनिया को आतंकवाद और सुरक्षा उपकरणों का निर्यात करने वाला अमेरिका अब खुद उनकी जद में आता जा रहा है, क्योंकि नाटो विरोधियों से उन्हें आर्थिक व नैतिक मदद मिल रही है।

हालांकि विश्वव्यापी मानवता के हित में सभी पक्षों द्वारा इस विकृत प्रशासनिक प्रवृत्ति को अविलम्ब बदलने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में हुए आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवार के साथ हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम न्यू आरलियंस में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। उन्हें इस त्रासदी से उबरने के लिए शक्ति और सांत्वना मिले।

# एक अच्छे, भले और नेक प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

हरिशंकर व्यास

शीर्षक चौंका सकता है। पर जरा समकालीन भारत अनुभवों और उनकी दिशा में झांके तो अगले बीस-पच्चीस वर्षों की क्या भारत संभावना दिखेगी? भारत पिछले दस वर्षों की विरासत में कदम उठाता हुआ होगा। इस विरासत का मंत्र और अनुभव बुद्धि नहीं लाठी है। हार्वर्ड नहीं हार्डवर्क है। सत्य नहीं झूठ है। सौम्यता नहीं अहंकार है। विनम्रता नहीं निष्ठुरता है। कानून नहीं बुलडोजर है। मान मर्यादा नहीं लंगूरपना है। विचार और बहस नहीं गाली तथा ट्रोल है। तर्क नहीं है लाठी है। प्रबुद्धता नहीं मूर्खता है। चाल, चेहरा, चरित्र नहीं, बल्कि अकड़, लालच और कदाचार है। इस तरह का निष्कर्ष 2014 के समय में अकल्पनीय था। तब अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी के हुंकारों, आंदोलनों के उमड़े जन सैलाबों की तलहटी में सत्य छुपा हुआ था। अज्ञात था। ऐसा होना हम हिंदुओं की नियति से है। हिंदुओं का भाग्य है जो वह गांधी के पीछे चले या अन्ना हजारे के या हाथ में कमल ले कर चले या झाड़ू, उसे वही झूठा अवतार मिलता है जो उसकी कलियुगी नियति है।

उस नाते डॉ. मनमोहन सिंह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अपवाद थे। वे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिनकी शख्सियत ने झूठ, फरेब से लोगों का बहकाने, लोगों में जादू बनाने, दैवीय अवतार की इमेज बनाने, लोगों को डराने धमकाने या उनके वोट खरीदने जैसा वह कोई छल नहीं किया, वह राजनीति नहीं की जो आजाद भारत की राजनीति का ट्रेंडमार्क है। बावजूद इसके वे भारत के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री थे। उसी के कर्म फल में वैश्विक बिरादरी तक ने, उन्हे स्मरण करते हुए एक युगांतरकारी, बुद्धिमान, समझदार, सौम्य और श्रेष्ठ प्रधानमंत्री की सच्ची भाव भंगिमा में श्रद्धांजलि दी है। यह वस्तुनिष्ठ श्रद्धांजलि पिछले दस वर्षों के नरेंद्र मोदी, अरविंद केजरीवाल के शासन अनुभवों के परिप्रेक्ष्य में, समकालीन अनुभवों के संदर्भ तथा भारत की भावी दिशा के भान से भी है। इतिहास की कसौटी है जो घटना और नेतृत्व का मूल्यांकन पचास साल बाद किया जाता है। कोई युद्ध हुआ, राजा या प्रधानमंत्री मरा तो उसके बाद के अनुभवों, प्रभावों के पच्चीस-पचास साल बाद ही इतिहास फैसला लेता है कि नेहरू ने भारत बनाया था या बिगाड़ा था। नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया और उसकी विरासत के प्रधानमंत्री और राजनीति देश हित में थी या देश को बरबादी की और ले जाने वाली।



डॉ. मनमोहन सिंह की शख्सियत कर्तव्यनिष्ठ थी। इतिहास निरपेक्ष थी। शासन के आखिर में जरूर उन्होंने अन्ना हजारे-केजरीवाल-मोदी के भूचालों में अपने मुंह से यह बोला था, उम्मीद जताई थी कि इतिहास उनके प्रति दयालु होगा! और मेरी राय में उनका इतिहास भारत के आखिरी बुद्धिमान, उम्दा प्रधानमंत्री के नाते अमिट है। एक अच्छे', भले' और नेक' प्रधानमंत्री। और सोचें, इन तीन शब्दों से अधिक मनुष्यों के बीच मनुष्य को और क्या पुण्यता चाहिए! मैंने बतौर पत्रकार उनके प्रधानमंत्री रहते उनकी आलोचना की है तो उनकी प्रशंसा भी की। तारीफ खासकर तब जब डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका के साथ एटमी करार के लिए अपनी सरकार दांव पर लगाई थी। जिस वाम मोर्चे पर मनमोहन सरकार टिकी थी उसके घोर विरोध, सीपीएम नेता प्रकाश करात द्वारा सैद्धांतिक आधार पर वैयक्तिक प्रतिष्ठा दांव पर लगाने तथा वामपंथी पत्रकारों की चिल्लपों, सोनिया गांधी व अहमद पटेल की चिंताओं के बावजूद मनमोहन सिंह ने एटमी करार किया। भारत का वैश्विक अछूतपन मिटाया। वह फैसला देश की सामरिक चिंता, सुरक्षा, भू राजनीति और वैश्विक जमात में भारत के स्थान के खातिर वैसा ही दुस्साहसी फैसला था जैसा मनमोहन सिंह का प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की कमान में वित्त नीति में परिवर्तनों का था।

मेरा पीवी नरसिंह राव के समय से ऑब्जर्वेशन रहा है कि मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री बनने के बाद भी कभी यह नहीं कहा कि उनके कारण आर्थिक सुधार और उदारवाद आया। वे कभी अहंकार में या अनजाने में भी यह नहीं बोले कि मैंने, या मेरे कारण भारत के उदारवादी निर्णय हुए। इसलिए क्योंकि वे पीवी नरसिंह राव की बुद्धिमत्ता, दूरदृष्टि और समझदारी के कायल थे। मेरा डॉ. मनमोहन सिंह से कभी नाता नहीं रहा लेकिन मैं पीवी नरसिंह राव, प्रधानमंत्री दफ्तर संभालने वाले भुवनेश चतुर्वेदी, पीवीआरके प्रसाद और इनके घेरे को गहराई से जानता था इसलिए प्रत्यक्ष प्रमाण में सामने था कि कैसे राजनीतिक दबावों, कैबिनेट के भीतर की चुनौतियों और दस, जनपथ की चिंताओं के बीच प्रधानमंत्री के कवच से डा. मनमोहन सिंह ने पहला साहसी बजट पेश किया। कैसे खुद प्रधानमंत्री ने स्वंय उद्योग मंत्रालय संभालते हुए लाइसेंस, परमिट राज को खत्म करने की घोषणाएं कीं! वह मौनी बाबा की मौन क्रांति थी। तभी स्वतंत्र भारत के इतिहास का सत्य है कि बुद्धि, विवेक और समझदारी के प्रतिमान पीवी नरसिंह राव ने उबलते पंजाब, बागी कश्मीर तथा अराजक उत्तर-पूर्व को सामान्य बनाया तो बाबरी मस्जिद के ध्वंस को भी विवेक से सहा। दिलचस्प संयोग है कि पीवी नरसिंह राव ने पांच साल के आखिर में तथा मनमोहन सिंह ने दस साल शासन के आखिर में, दोनों ने एक जैसे बवंडरों का सामना किया। बावजूद इसके इतिहास दोनों के प्रति दयालु है। दुनिया में यदि भारत के वित्तीय, आर्थिक, सामरिक तथा कूटनीतिक प्रतिमानों में किसी को याद किया जाता है तो उनमें भारतीय नाम पीवी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह के हैं। अद्भुत है! स्मृति पर जोर डालें। याद करें पीवी नरसिंह राव, के खिलाफ अर्जुन सिंह, फोतेदार, नटवर सिंह, नारायण दत्त तिवारी सहित कांग्रेस के तमाम दरबारियों, वामपंथी-सेकुलर आलोचकों से लेकर हर्षद मेहता, जेठमलानी, अचार कारोबारी लक्खू भाई और विश्वासघाती सीताराम केसरी जैसे चेहरों के बनाए झूठे बवंडर को। सभी को इतिहास मिट्टी की धूल सा मिटा चुका है। और इतिहास में कीर्ति अंकित है तो वह नरसिंह राव की है। ऐसे ही याद करें, मनमोहन सिंह के खिलाफ बवंडर पैदा करने वाले विनोद राय, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी एंड पार्टी को! क्या इनमें से कोई एक भी सच्चा साबित हुआ? जो लोग नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल को भगवान, अवतार, मसीहा मानते हैं, उन्हें और उनकी भावना को दरकिनार करके सोचें तो मनमोहन सिंह ने मनुष्य रूप में दस वर्ष भारत का जो शासन किया वह किस कसौटी पर बुरा था? क्या वे भ्रष्ट प्रमाणित हैं? क्या पूंजीवाद और उदारवाद के आस्थावान डॉ. मनमोहन सिंह पर ये आरोप हैं कि उनकी बदौलत गौतम अडानी जैसे किसी क्रोनी पूंजीपति ने भारत को चूना लगाया। दुनिया में भारत को बदनाम बनाया?

ये बातें देश की एकता-अखंडता, इतिहास के मायनों में क्षणिक और बेमानी हैं। इसलिए अहम बात भारत के आखिरी बुद्धिवान, उम्दा प्रधानमंत्री' का शीर्षक है। क्यों कर ऐसा माना जाए? जवाब पर यह विचार करें कि नरेंद्र मोदी का अब तक का शासन वतर्मान और भविष्य का क्या रास्ता बनाए हुए है? जाहिर है नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया, नेहरू-गांधी परिवार के खूंटे के आइडिया से अलग एक भारत। अर्थात उस हिंदू आइडिया ऑफ इंडिया का भारत, जिसका खूंटा संघ परिवार है। मान सकते हैं समकालीन भारत दो खूंटों की नियति लिए हुए है। स्वतंत्रता के बाद कोई साठ साल भारत गांधी-नेहरू परिवार के खूंटे से चला। अब समय संघ परिवार के खूंटे का है। और नरेंद्र मोदी के अवतार से हिंदू क्योंकि कथित तौर पर जागे हैं और वे देश और अपनी सुरक्षा में मुसलमान को चिन्हित किए हुए हैं तो जाहिर है उनकी प्राथमिक आवश्यकता क्या है? छप्पन इंची छाती का निरंतर नेतृत्व। इसलिए नरेंद्र मोदी की विरासत में आगे की राजनीति के चेहरों में अमित शाह हों या योगी आदित्यनाथ या हिमंता बिस्वा या देवेंद्र फडन्वीस, छप्पन इंची छाती के नेतृत्व, राजनीति और व्यवस्था की आवश्यकता स्थायी है। दूसरे शब्दों में भारत का गवर्नेंस शक्ति, वाक् शक्ति, भय बिन होय न प्रीत के लाठी दर्शन से ही चलेगा। शत्रु क्योंकि इतिहास और मुसलमान है तो पानीपत की लड़ाई का सिनेरियो भी तय है। तभी नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ आदि का भारत जब भविष्य में हर जिले में एक हिंदुस्तान और एक पाकिस्तान लिए हुए होगा तो कल्पना संभव भी है कि दिल्ली के तख्त को कभी बुद्धिमत्तापूर्ण, विवेकी, समझदार, सौम्य शख्सियत के बैठने का गौरव प्राप्त हो? और हां, यह भी जान लेना चाहिए कि संघ के खूंटे के समानांतर अब जो गांधी-नेहरू-सेकुलर खूंटा है वह खरबूजे को देख खरबूजे जैसी राजनीति करते हुए है। इसलिए सार्वजनिक जीवन और राजनीति में बुद्धि, विचार, बहस, विवेक, सौम्यता, भद्रता, अच्छापन, पढ़ाई-लिखाई आदि का अर्थ ही नहीं है। भारत अब वह बीहड़ है जिसमें मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी, पीवी नरसिंह राव जैसी शख्सियतों की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए फिर नोट करें डॉ. मनमोहन सिंह- भारत के आखिरी बुद्धिमान और उम्दा प्रधानमंत्री!

## संक्षिप्त समाचार

### निगम चुनाव के लिए मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के वार्ड प्रभारी नियुक्त



**दुर्ग (समय दर्शन)।** मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद ने पूर्व विधायक अरुण वोरा के अनुमोदन पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष गया पटेल की सहमति से आगामी निगम चुनाव को देखते हुए मध्य ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले 12 वार्डों में मध्य ब्लॉक के पदाधिकारी को वार्ड प्रभारी नियुक्त किया है जो वार्डों में जाकर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए बूथ कमेटी को सक्रिय करने के लिए कार्य करेंगे और समन्वय बनाते हुए प्रत्याशी चयन में सहयोग करेंगे। वार्ड प्रभारी इस प्रकार है वार्ड नंबर 30 तमेरपारा वार्ड से जगमोहन ढीमर, वार्ड नंबर 31 आपापूरा वार्ड गणेश सोनी, वार्ड नंबर 32 ब्राह्मणपारा वार्ड चंद्रशेखर पारख,वार्ड नंबर 33 चंडी मंदिर वार्ड श्रीमती बिंदु राजपूत, वार्ड नंबर 34 शिवपारा वार्ड डोमारसिंह राजपूत, वार्ड नंबर 35 रामदेव मंदिर वार्ड राहुल शर्मा, वार्ड नंबर 36 गंजपारा वार्ड अलख नवरंग, वार्ड नंबर 37 आजाद वार्ड रतन निषाद,वार्ड नंबर 38 मीलपारा वार्ड यश बाकलीवाल, वार्ड नंबर 39 कचहरी वार्ड निशांत गोड़बोल, वार्ड नंबर 40 सुराना कॉलेज वार्ड समयलाल साहू, वार्ड नंबर 55 पुलगांव वार्ड से हेमंत तिवारी बनाए गए हैं। ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद ने बताया शीघ्र ही नवनियुक्त वार्ड प्रभारियों की एक कार्यशाला लगाई जाएगी।

### स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का आईपीओ 6 जनवरी 2025 को खुलेगा, प्रति शेयर प्राइस बैंड रू133 से रू140 तय

**नई दिल्ली।** स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड, जो रेवन्यू के मामले में वित्तीय वर्ष 2024 में भारत के फार्मास्युटिकल और केमिकल सेक्टर्स के लिए शीर्ष पांच स्पेशलाइज्ड इंजीनियरिंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स में से एक है, ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए रू 133/- से रू 140/- प्रति इक्विटी शेयर की प्राइस बैंड तय की है, जिसकी फेस वैल्यू रू10 है। कंपनी का यह आईपीओ सोमवार, 6 जनवरी 2025 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और बुधवार, 8 जनवरी 2025 को बंद होगा। निवेशक कम से कम 107 इक्विटी शेयर और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बिड लगा सकते हैं। यह आईपीओ एक फ्रेश इशू रू210 करोड़ तक का है और जिसमें 1,42,89,367 इक्विटी शेयरों को इशू किया जाएगा। कंपनी द्वारा फ्रेश इशू से प्राप्त रू10 करोड़ का उपयोग मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा। रू130 करोड़ का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए, और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के लिए किया जाएगा, ताकि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों का पुनर्भुगतान किया जा सके। रू30 करोड़ का उपयोग एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड की मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए है। साथ ही रू20 करोड़ का उपयोग स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट और इनऑर्गेनिक ग्रोथ के लिए किया जाएगा और बाकी जनरल कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी की क्षमताओं में डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, निर्माण, असेंबली, इंस्टॉलेशन, और कमीशनिंग समाधान शामिल हैं, साथ ही फार्मास्युटिकल और केमिकल निर्माताओं के लिए टर्नकी बेस पर स्टार्टदर्द ऑपरेटिंग प्रोसीजर स्थापित करना भी शामिल है। इसका पोर्टफोलियो उन मुख्य उपकरणों से बना है जो फार्मास्युटिकल और केमिकल प्रोडक्ट्स के निर्माण में उपयोग किए जाते हैं। इसे तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है: रिएक्शन सिस्टम, स्टोरेज, सेपरेशन, और ड्राइंग सिस्टम, और प्लांट, इंजीनियरिंग और सेवाएं (अन्य सहायक भागों सहित)। एफ़ एंड एस रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024 में रेवन्यू के मामले में यह भारत के शीर्ष तीन ग्लास-लाइन, स्टेनलेस स्टील और निकेल मिश्र धातु आधारित विशेष इंजीनियरिंग इक्वियोमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स में से एक है। यह वित्तीय वर्ष 2024 में रेवन्यू के मामले में भारत में पॉलीटेट्राफ्लोरोएथिलीन लाइन पाइपलाइनों और फिटिंग्स के शीर्ष तीन सप्लायर्स में भी शामिल है। यह इंडस्ट्री में सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनी रही है और रेवन्यू के संदर्भ में पिछले तीन पूर्ण वित्तीय वर्षों के दौरान ऑपरेट कर रही है। कंपनी के पास ऐक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स और फाइन केमिकल प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस में उपयोग होने वाले सभी ख़ास इंजीनियरिंग इक्विपमेंट्स के मैनुफैक्चरिंग की इन-हाउस कैपेसिटी है। पिछले एक दशक में, कंपनी ने 11,000 से अधिक प्रोडक्ट्स सप्लाई किए है।

# जनवरी आ गई लेकिन अब तक धान उठाव मे नहीं आई तेजी

**योगेश कुर्रे / सारंगढ़ बिलाईगढ़ (समय दर्शन)।** धान खरीदी का महापर्व चला लेकिन उठाव का महापर्व कब आएगा लगभग डेढ़ महीने हो चुके धान खरीदी शुरू हुए जितनी तेजी से धान खरीदी की गई उतनी ही धीमी उठाव रहा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले मे धान उठाव की स्थिति बत्तर है उठाव के नाम पर शायद जिला की गिनती सबसे धीमी जिला मे होगा पुरे जिले मे कुल 86 उपार्जन केंद्र है जहाँ धान खरीदी की बात करें तो लगभग सभी केन्द्रो ने अपनी कुल खरीदी से आधी यानि 50 प्रतिशत खरीदी कर चुके है लेकिन वही उठाव की प्रतिशत निकाला जाये तो अधिक से अधिक अवसतन 10 प्रतिशत होगा खबर निरिक्षण की टीम ने लगातार जिले के कई उपार्जन केंद्र मे जाकर खरीदी और उठाव के वस्तु स्थिति देखा जिसमे हैरान करने वाले आंकड़े निकले कई उपार्जन केंद्र है जहाँ 40 से 45 हजार क्विंटल धान खरीदी किया जा चूका लेकिन उठाव सिर्फ7 से 8 हजार क्विंटल ही हुआ है तो कही 30 हजार खरीदी अकड़ा पार कर गया लेकिन उठाव 4 से 6 हजार, इसी तरह जिले के अधिकाश उपार्जन केंद्र है, जहाँ धान से फ्ड भर चूका ना तो स्टेक करने की



जगह और ना ही ख़रीदने की लेकिन उसके बाद भी समिति मजबूरियों की बोझ मे दबकर खरीदने को मजबूर है

**उठाव नहीं होने से समिति मानसिक परेशान -** अधिकांश समिति के कर्मचारी उठाव धीमी होने से परेशान चल रहे जहाँ किसानों से लिया धान सुकती मे वजन घट रहा और समिति को उसकी भरपाई करनी पड़ रही सिर्फ सुखती ही नहीं फ्टे बरदाने से भी काफ़ी परेशान चल रहे सुकती के बाद सबसे ज्यादा धान फटे बरदाने से हो रहे किसान से लेते वक्त गिर रहे फिर स्टेक लगाते और अब उठाव करते वक्त ट्रक मे लोड करने से लेकर मिल पहुंचने तक फ्टे बारदाने की मार झेलनी पड़ रही अगर ऐसा ही चलता रहा उठाव मे तेजी नहीं आई तो समिति 0 शोटेज करने की पसीने छूटने लगेंगे कई समिति कर्ज की बोझ मे डूब जायेगा हालांकि डी ओ तो कट रहे लेकिन उठाव करने कई मिलर कछुवे की चल पे है लेकिन उनकी भी एक मज़बूरी चल रही की बीते साल का धान अब तक उनके मिल मे जाम पड़ा है ।

**उठाव तेज गति से होगा - कलेक्टर धर्मेश साहू**

वही उठाव को लेकर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के कलेक्टर धर्मेश साहू ने कहा की धान का उठाव शुरवात मे धीमा था लेकिन अब उठाव तेज गति से किया जायेगा हमारी ओर से लगातार उठाव को लेकर यथा संभव प्रयास किया जा रहा है मिलर भी उठाव कर रहे और साथ ही जिलों मे धान संग्रहण केंद्र भी है जिससे उठाव जारी है बहुत जल्द तेज गति से उठाव होगा।

# नए साल के पहले दिन चिल्फी पुलिस ने 34 .320 किलो गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार




### गांजा छिपाने के लिए कार में बनाया था विशेष वेल्डेड चौंबर

### 34 किलो गांजा समेत 11.90 लाख का माल जब्त

**कवर्धा (समय दर्शन)।** नए साल के पहले दिन जिले की चिल्फी पुलिस ने अपनी मुस्तैदी और विशेषज्ञता के आधार पर कार की पिछली सीट के नीचे बनाई गया सीक्रेट चैंबर से 34.320 किलोग्राम गांजा के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जब्त गांजा की कीमत ?6, 70, 000 है। इसके साथ ही पुलिस ने दो एंड्रॉयड मोबाइल और एक मारुति सुजुकी कार भी जब्त की, जिसकी कीमत ?5,00,000 बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के निर्देशन, और डीएसपी कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में गांजा तस्करी के खिलाफजिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत चिल्फी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। उड़ीसा से राजस्थान गांजा की तस्करी के लिए दो लोगों द्वारा एक सफेद रंग की मारुति सुजुकी कार में यात्रा करने की सूचना मुखबीर से मिलते ही चिल्फी पुलिस

चिल्फी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आबकारी चेक पोस्ट पर नाकाबंदी की। यहां पुलिस ने वाहन रोका और उसकी गहन तलाशी शुरू की। पुलिस की सावधानी और तत्परता के चलते तस्करों की एक हाई-टेक साजिश का पर्दाफाश हुआ।

चिल्फी थाना प्रभारी उमाशंकर राठौर ने बताया कि तलाशी के दौरान कार की पिछली सीट के नीचे एक अत्यंत सटीक और खास डिजाइन किया हुआ सीक्रेट चौंबर छिपा हुआ था। यह चैंबर इस प्रकार वेल्डिंग किया गया था कि सामान्य जांच में इसका पता लगाना संभव नहीं था और उसमें गांजा आसानी से छिपाया जा सके। फिर भी, चिल्फी पुलिस की मुस्तैदी और विशेषज्ञता ने इस साजिश को नाकाम कर दिया। कार के इस सीक्रेट चैंबर से 34.320 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत ?6,70,000 है। इसके साथ ही पुलिस ने दो एंड्रॉयड मोबाइल और एक मारुति सुजुकी कार भी जब्त की, जिसकी कीमत ?5,00,000 है। गिरफ्तार आरोपियों में श्रवण कुमार बिसनोई (20 वर्ष), पिता भजन लाल बिसनोई, निवासी ग्राम कोजा, थाना धोरीमना, जिला बाड़मेर, राजस्थान और रामचंद्र जाट (28 वर्ष), पिता दुर्गा राम, निवासी ग्राम कालीमाली, थाना फ्लोदी, जिला फ्लोदी, राजस्थान हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह ने इस सफलता के लिए पुलिस टीम की सराहना की और कहा कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन हर तरह की अवैध गतिविधियों पर नजर रखे हुए है, और किसी भी साजिश को नाकाम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से तस्करी करने वालों को एक स्पष्ट संदेश मिलता है कि कानून से बचना अब असंभव है। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

# सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष स्थापित होने वाला पहला जिला बना कबीरधाम

**कवर्धा (समय दर्शन)।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 2 जनवरी 25 को परिवहन कार्यालय में राज्य का पहला सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का उद्घाटन किया। यह कक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कबीरधाम जिले में स्थापित किया गया है, जो प्रदेश का पहला जिला बना है जहां इस प्रकार का अनुभव कक्ष स्थापित किया गया है। इस उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कक्ष के सभी पहलुओं का अवलोकन किया और इसकी कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी ली। सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का उद्देश्य नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कक्ष में विभिन्न प्रकार की सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी और सामग्री प्रस्तुत की गई है, जिसमें वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचने के उपाय, ट्रैफिक नियमों के पालन, और सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में बताया गया है। कक्ष में विभिन्न वर्चुअल अनुभव, वीडियो, और मॉडल्स के जरिए सड़क सुरक्षा को समझने का एक आकर्षक तरीका अपनाया गया है।

इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी सहित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बीरेन्द्र साहू, कैलाश चंद्रवंशी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, जसविंदर बग्गा, ट्रक, जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू, बस, आटो संघ के प्रतिनिधि, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बचपन से ही हमें सही और गलत का भेद सिखाया जाता है। माताओं की भूमिका बच्चों को जीवन के उचित और अनुचित कार्यों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण होती है। इसी प्रकार यह सत्र समाज में सुरक्षा और नियमों के प्रति एक सकारात्मक सोच विकसित करेगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को निरंतर जारी रखा जाए, ताकि हर व्यक्ति सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सके। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष के शुभारंभ में कहा कि अब ड्राइविंग लाइसेंस बनाने आने वाले व्यक्तियों को एक विशेष ऑडियो,




वीडियो सत्र से गुजरना होगा। यह सत्र आवेदनकर्ताओं को ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक व्यक्ति ट्रैफिक नियमों, चालान प्रक्रिया, और सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व को गहराई से समझे। ऑडियो, वीडियो सत्र पूरा करने के बाद, प्रतिभागियों को एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र यह दर्शाएगा कि उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों को समझ लिया है। यह सत्र लोगों को सड़क पर सही निर्णय लेने और सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेगा। इससे न केवल ट्रैफिक नियमों के पालन में सुधार होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी कम होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जागरूकता बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह सुनिश्चित करेगा कि ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने वाला हर व्यक्ति सड़क पर जिम्मेदारी से वाहन चलाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में इस प्रक्रिया की शुरुआत कवर्धा से की गई है। इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले।

**सड़क सुरक्षा के प्रति मिलेगी जागरूकता-** उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के समक्ष उस समय कार्यालय में लाईसेंस बनवाने के लिए आए नागरिकों ने भी सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का अवलोकन किया और वहां उपलब्ध जानकारी का लाभ लिया। उन्होंने कहा कि इस कक्ष की स्थापना से न केवल स्थानीय नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता मिलेगी। इस उद्घाटन के साथ ही कबीरधाम जिला एक कदम और आगे बढ़ा है, जहां सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता के साथ-साथ सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी जा रही है।

### धारदार चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा।** अपने पास धारदार चाकू रखकर सोशल मिडिया साइट इंस्टाग्राम में फोटो अपलोड कर दहशत फैलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू बरामद किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि के.के.वार्ड भाटापारा में एक युवक अपने पास एक धारदार चाकू रखा हुआ है। साथ ही उसने धारदार चाकू के साथ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपना फोटो भी अपलोड किया हुआ है। सूचना पर थाना शहर पुलिस द्वारा के.के.वार्ड भाटापारा में दबिश देकर युवक को गिरफ्तार किया। नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम ओम ध्रुव 19 साल निवासी कल्याण सागर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर का होना बताया। जिसके बाद पुलिस ने को हिरासत में लेकर चाकू बरामद किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा धारदार चाकू अपने पास रखने एवं उसके साथ फोटो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में अपलोड करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# हमारा लक्ष्य युवाओं को बेहतर शिक्षा, सुविधा और उनका भविष्य उज्ज्वल बनाना- भावना बोहरा

## पंडरिया विधायक भावना बोहरा संचालित लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग सेंटर में प्रवेश प्रारंभ

**कवर्धा (समय दर्शन)।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे युवा जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं परन्तु संसाधनों की कमी व परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वह पीछे रह जाते हैं उनके लिए एक सार्थक प्रयास किया जा रहा है। भावना बोहरा द्वारा पंडरिया में लक्ष्य निशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत 2 जनवरी से प्रवेश शुरू होने के साथ ही हो गई है। इस सेंटर में पंडरिया विधानसभा के प्रतिभावान विद्यार्थियों को जो आईआईटी, जेईई, नीट और सीजी पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं उन्हें नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी।

विधायक भावना ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व भावना दीदी की गारंटी में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेतर सुविधा उपलब्ध कराने का संकल्प किया था। जिसके तहत पंडरिया में लक्ष्य निशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत की गई है। इसके लिए प्रवेश 2 जनवरी 2025 से प्रारंभ हो चुका है और जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय) से इच्छुक छात्र-छात्राएं एडमिशन हेतु प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। फॉर्म में पूछे गए सामान्य जानकारियों को भरकर और जिस विषय में विद्यार्थी कोचिंग प्राप्त करना चाहते हैं उसकी जानकारी प्रवेश फॉर्म में अंकित कर जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र में जमा करना होगा जिसके पश्चात् छात्र-छात्राओं का नामांकन दाखिल किया जाएगा और वे इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं




जहाँ वे आईआईटी, जेईई, नीट और सीजी पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर पाएंगे और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों को कोचिंग के साथ-साथ समय-समय पर उनका मार्गदर्शन और मोटिवेशन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि हमारे पंडरिया विधानसभा का कोई भी युवा साथी शिक्षा के क्षेत्र में पीछे न रहें। उन सभी के अन्दर भी अपार सामर्थ्य है, कौशल है जिससे वे पंडरिया विधानसभा की तस्वीर बदल सकते हैं। हम हमारे युवाओं को बेहतर शिक्षा, मार्गदर्शन और एक मंच देना चाहते हैं जिसके माध्यम से वे सही राह पर चल सकें, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां अर्जित कर अपने समाज, माता-पिता, क्षेत्र और हम सभी का नाम रोशन कर सके। अपने लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सके एवं आर्थिक व संसाधनों के अभाव में पीछे न रह सकें। हमारे इस प्रयास में पंडरिया विधानसभा की जनता और आप सभी युवा साथियों का सहयोग व मार्गदर्शन हमेशा अपेक्षित रहेगा ताकि हम बेहतर कार्य करते रहें।आने वाले समय में हम ऐसे और भी प्रयास आप सभी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए करते रहेंगे।

विदित हो कि पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा द्वारा क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार और खासकर बेटियों की शिक्षा के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं, उनके द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए तीन निशुल्क बसों का संचलान किया जा रहा है। समाज सेवा से लेकर जनसुविधाओं के लिए उनके द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहें हैं जिससे आमजनों को लाभ मिल रहा है वहीं उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उन्होंने भावना दीदी की गारंटी में किये अपने वादे अनुरूप आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित सहयता हेतु 8 नि:शुल्क एम्बुलेंस एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 1 निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का संचालन किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में विगत एक वर्ष में अधोसंरचना विकास के साथ ही जनता की मूलभूत सुविधाओं, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का विस्तार, चौक-चौराहों व पुल-पुलियों का निर्माण, तालाबों एवं शहरों का सौन्दर्यीकरण, बिलजी, पानी की पर्याप्त आपूर्ति एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार


### युवाओं में प्रतिभाओं की कमी नहीं, लक्ष्य के साथ आगे बढ़े-अशोक साहू

**दक्षिण पाटन के ग्राम टेमरी में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए**



**पाटन ( समय दर्शन )।** दक्षिण पाटन के ग्राम टेमरी में नूतन वर्ष 2025 का स्वागत गोल्डन ग्रुप नवयुवा समिति एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग थे, अध्यक्षता राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस ने किया, विशेष अतिथि रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री,चंद्रभान साहू सरपंच,रामदास मानिकपुरी अध्यक्ष तहसील मानिकपुरी समाज,लीलाधर साहू उपसरपंच,रवेल सिंह ठाकुर,रोहित ठाकुर ने छत्तीसगढ़ महतारी,दुर्गा माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ज़िप दुर्ग के उपाध्यक्ष अशोक साहू ने 2024 में जाने अनजाने में भूलवश त्रुटियों के क्षमा के साथ अलविदा और नूतन वर्ष 2025 में हम सभी के जीवन में सुख,समृद्धि,शांति खुशहाली,स्वस्थ मन एवं तन के साथ हो,मातारानी से मंगलकामना करते हुए स्वागत करते है।उन्होंने आगे कहा कि युवाओं में प्रतिभाओं की कमी नहीं है,लक्ष्य निर्धारित करके अपने अंतर्मन से कार्य करते हुए मंजिल तय करना चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि डीजे डांस के माध्यम से युवाओं को प्रतिभा निखारने हेतु मंच मिलता है।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाओं, महिलाओं, किसानों, भूमिहीन मजदूरों सहित सभी वर्ग के हित के लिए अनेकों कार्य किए। मंच संचालन डॉ.मनहरण यादव,आभार लुकेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर महेश मंडावी,उमेश मारकंडे,जनार्दन साहू,संतराम साहू, धनेश बंजारे,दीनदयाल साहू,विष्णु,पतिराम साहू, लुकेश्वर साहू,देवेंद्र यादव, दीपक यादव,टोमन यादव,योगेन्द्र साहू,गजेंद्र साहू,धनंजय सेन, यशवंत यादव,रवि यादव,दुर्गेश यादव,कौशलेश सेन,छगन मंडावी, रोशन साहू, आकाश साहू,तामेश्वर साहू, मिनेश, अजय,तरुण,हेमकुमार,कोमेश,कृष्ण कुमार, प्रिंस,हर्ष,केमन,सूर्यकांत साहू,दीपक साहू सहित प्रतिभागी एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

### जिला की अब बदलेगी तस्वीर - पैंकरा



**सारंगढ़ ( समय दर्शन )।** जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जहां लोक निर्माण विभाग में सिर्फ एसडीओ पदस्थ था । ठेकेदारों को बलौदाबाजार जिला तो वहीं रायगढ़ जिला जाकर अपना कार्य करवाना पड़ता था । छग शासन ने जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के लोक निर्माण विभाग हेतु उच्चाधिकारी का आदेश जारी कर दिया इसी क्रम में नवपदस्थ ई पीएल पैंकरा ने पदभार ग्रहण कर लियें है । पैंकरा साहब ने बताया कि - जिले के संवेदन शील कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर अब जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में विकास की गंगा बहेगी । जिला के सरिया , बरमकेला और सरसींवा में विश्राम गृह का निर्माण किया जाएगा । बरमकेला में पूर्व से बनी निरीक्षण कुटीर का अब दिन बहुरेगा , वही सारंगढ़ में विश्राम गृह के अलावा अब सारंगढ़ में सर्किट हाउस का निर्माण भी शासन के आदेश पर की जाएगी । इस नए जिले में अधिकारियों के लिए आवासीय व्यवस्था को मजबूत बनाया जाएगा, साथ ही साथ शासन के द्वारा जारी विभिन्न विकास कार्यों को गति देते हुए समय सीमा पर पूरा करवाया जाएगा ।

### सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक ने सांसद विजय बघेल को दी नव वर्ष की बधाई



**पाटन ( समय दर्शन )।** सांसद विजय बघेल से नव वर्ष पर मिलने वालों का तांता लगा रहा। सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक एवं अन्य भाजपा नेताओं ने नव वर्ष पर सांसद निवास सेक्टर 5 पहुंचकर सांसद विजय बघेल को नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेश वर्मा, प्रकाश चंद्राकर, कुणाल शर्मा, ओम वर्मा, सहित अन्य मौजूद रहे।

# महापौर परिषद की बैठक में 14 प्रकरणो में से 12 प्रकरणो में सहमति प्रदान की गई

**भिलाईनगर ( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक गुरूवार को एमआईसी कक्ष में आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं महापौर परिषद के सदस्यो की उपस्थिति में की गई। बैठक में प्रमुख रूप से 14 एजेण्डा पर विस्तृत चर्चा की गई। 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 5 सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु महापौर परिषद से अनुमोदन किया गया। निगम के वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल वाहन चालक एवं हेल्फर उपलब्ध कराने का कार्य चर्चा के बाद पारित किया गया। राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत वर्ष 2020-21 से 2021-22 तक निविदा उपरांत एसओआर से कम के कारण बचत राशि से कार्य कराये जाने की अनुसंशा प्रदान की गई है। इस कार्य हेतु संबंधित अभियंता की तारिफकी गई।

इसी तारतम्य में तुम्हर शहर तुम्हर जिम्मेदारी के तहत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित रामनगर मुक्तिधाम का उन्नयन विकास कार्य एवं रखरखाव कार्य को सलाहकार समिति की बैठक की अनुसंशा के पश्चात पुनः महापौर परिषद में रखे जाने की सहमति बनाई गई है। मिशन अमृत 2.0 अंतर्गत सीवरेज




ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य में चर्चा कर पारित किया गया। तालाब की जलकुम्भी सफाई हेतु वीड हारवेस्टर मशीन क्रय किये जाने की आवश्यकता को देखते हुए सर्व सम्मति से पारित किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई जोन कार्यालय जोन क्रं. 03 एवं शिवनाथ विस्तार योजना के मध्य स्थित भूमि के आबंटन कार्य को सलाहकार समिति की बैठक में चर्चा के उपरांत आगामी महापौर परिषद की बैठक में पुनः प्रस्तुत करने को कहा। चर्चा के दौरान यह भी आया कि महापौर निधि के माध्यम से नगर पालिक निगम भिलाई के सभी 70 वार्ड में बैडमिंटन ग्राउण्ड निर्माण कराने की सर्व सम्मति से पारित हुआ था। कुछ वार्ड ऐसे है जहां पर पहले से ही बैडमिंटन ग्राउण्ड है या कुछ वार्ड में उपयुक्त स्थल नहीं होने के कारण बैडमिंटन ग्राउण्ड नहीं बन पाया। बैडमिंटन कोर्ट नहीं बनने से जो बचत राशि है उस राशि से जोन स्तर पर बेहतर रूप से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जाये।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्रकार, आदित्य सिंह, मन्नान गफ्फार खान, चंद्रशेखर गंवई, एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, केशव चैबे, मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू सहित निगम के उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त येशा लहरे, अजय सिंह राजपूत, सतीश कुमार यादव, कुलदीप गुप्ता, लेखाधिकारी चंद्रकांत साहू, अभियंतागण, एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर महिलाओं को बढ़ावा देने 5 जनवरी को प्रदर्शनी, स्वदेशी उत्पाद होंगे आकर्षण का केन्द्र

**प्रदर्शनी में दैनिक जरुरत की सामग्रियों की होगी विशाल रेंज-सुश्री पायल जैन**

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला इकाई द्वारा आत्मनिर्भर महिलाओं को उनके स्वनिर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए बड़ा बाजार उपलब्ध करवाएगी। इसे लेकर 5 जनवरी, रविवार को सिटी सेंटर मॉल, फरिश्ता कॉम्पलेक्स के पास, दुर्ग में भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी प्रातः 10 बजे से शुरु होकर रात्रि 8 बजे तक चलेगा। स्वदेशी भारतीय उत्पादों एवं उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर महिलाएं अपने



उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगी। प्रदर्शनी में स्वदेशी उत्पाद के अलावा अन्य पारंपारिक वस्तुएं एवं व्यंजन आकर्षण का केन्द्र होंगे। मेला के आयोजन में स्वावलंबी भारत अभियान, चेंबर युवा विंग और कैट इकाई सहयोगी संस्था है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष सुश्री पायल जैन ने बताया कि चेंबर की महिला इकाई स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसे लेकर पूर्व में भी चेंबर द्वारा नए वर्ष व मकर संक्राति के अवसर पर महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रदर्शनी को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला था। जिसने आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही महिलाओं का हौसला बढ़ाया। इसे देखते हुए चेंबर द्वारा पुनः महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में दैनिक जरुरत की सामग्रियों की विशाल रेंज उपलब्ध रहेगी।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर कार्यशाला की गई आयोजित

**सूरज के किरपा पाबो,पीएम सूर्यघर योजना अपनाबो छत पर अपन बिजली बनाबो,तीन सौ यूनिट बिजली मुफ़्त पाबो**




**दुर्ग ( समय दर्शन )।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर नगर पालिक निगम के स्व.मोतीलाल वोरा सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल,कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी,दिनेश नेताम,सी.एस.पी.पी.सी.एल आरके दानी,आरके जैन,वीपी मिश्रा, भवन अधिकारी गिरीश दिवान, अंजू देसाई,हरिशंकर साहू,विनोद मांझी,करण यादव,पंकज साहू,विकास दमाहे,प्रेरणा दुबे सहित अधिकारी उपस्थित रहे।ट्रेनर द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मितानिन व निगम कर्मचारियों की टीम गठित को ट्रेनिंग दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। कार्यशाला में योजना के फायदे और क्रियान्वयन के तरीकों एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बारिकी से जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे न केवल बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सस्ती बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

इस योजना के तहत सौर पैनल इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कि कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के पोर्टल या मोबाईल ऐप में जाकर पंजीयन कराएं और इस योजना के सभी लाभ उठाएं । मुझे विश्वास है कि यह योजना 'बिजली बिल हाफ' नहीं बल्कि बिजली बिल समाप्त' कर देगी। यानी आपको 3 किलोवॉट के सोलर प्लॉट पर 300 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलेगी । आप गर्व कर सकेंगे कि आप खुद बिजली के उत्पादक भी है और उपभोक्ता भी । इसलिए आइये, अपने घर को पीएम सूर्य घर बनाने के लिये जल्दी से जल्दी पंजीयन कराइये।सूरज के किरपा पाबो,पीएम सूर्यघर योजना अपनाबो छत पर अपन बिजली बनाबो,तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त पाबो,एक बार का निवेश और जीवन भर की बजट!इस अवसर पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले, यह सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## नए साल में प्रत्येक क्षेत्रों में अग्रणी बनाने हेतु नया संकल्प लेने की अपील

**आफिसर क्लब में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन**



**बालोद ( समय दर्शन )।** जिला प्रशासन द्वारा अ संयुक्त जिला कार्यालय सिवनी के समीप स्थित आफिसर क्लब में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर श चंद्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर सहित सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, संयुक्त एवं डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नये साल में आम जनता के हितों के लिए सदैव संकल्पित रहकर बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्रों में अग्रणी बनाने हेतु नया संकल्प लेने की अपील की व नये साल में समाज के लिए बेहतर कार्य एवं अपने शासकीय दायित्वों के सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु निरंतर ज्ञानार्जन करते रहने तथा नेक कार्य करने की भी सलाह दी । इस अवसर पर उन्होंने बालोद जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों एवं व्यवहार की भूरी-भूरी सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने नववर्ष मिलन समारोह के अवसर पर जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर भगत ने जिले के संवेनदशील कलेक्टर के कुशल नेतृत्व में जिले में हुए उल्लेखनीय कार्य की भूरी-भूरी सराहना की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने नव वर्ष मिलन समारोह के इस आयोजन को जिले के अधिकारी-कर्मचारियों का मिलन एवं अपने विचारों को साझा करने का भी बेहतरीन माध्यम बताया। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामना देते हुए अपने सेहत के प्रति भी जागरूक रहकर शासकीय कार्यों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करने को कहा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन कर आम जनता के हितों एवं कल्याण के प्रति सदैव संकल्पित रहने की भी अपील की।

## पुलिस अधीक्षक शर्मा के द्वारा लंबित अपराध, लंबित मर्ग, एवं लंबित शिकायत के संबंध में रखी समीक्षा बैठक



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ (समय दर्शन)।** उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पुष्कर शर्मा ,सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा वर्ष 2024 के अंत में लंबित अपराध, लंबित मार्ग एवं लंबित शिकायत के तत्काल निराकरण हेतु सभी थाना एवं चौकी प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम बालक, बालिकाओं की पता साजी करने, सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत स्कूल/कॉलेजों, हाट - बाजार में जागरूकता अभियान चलाने, यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एमवी एक्ट तथा अवैध शराब,जुआ/सट्टा के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# उप मुख्यमंत्री साव ने विभिन्न योजना अंतर्गत हितग्राहियों को किया लाभांवित

**आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी चाबी**

**मुंगेली ( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आगर खेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 04 हितग्राहियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी, पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत दो हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपए का चेक, तीन सफाई कामगार को पीपीई किट, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत 01 हितग्राही को दुकान की चाबी, एनयुएलएम योजना अंतर्गत एक स्व सहायता समूह को 01 लाख रूपए का चेक और सुरेंद्र कुम्हार को अनुकंपा नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया और बधाई दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री साव ने



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे की तर्ज पर विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। पिछले एक वर्षों में अलग-अलग योजनाओं से अलग-अलग मद से प्रदेश के 180 नगरीय निकायों को 07 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रदान की गई है। मोदी की हर एक गारंटी को पूरा करने का काम किया जा रहा है। हमने सरकार बनते ही 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किए। 08 लाख से अधिक हितग्राहियों के खाते में आवास की पहली किस्त प्रदान की जा चुकी है। शहरों में भी हम तेज गति से प्रधानमंत्री आवास बना रहे हैं।

विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि हमारी सरकार में गांव और शहरों में विकास का कार्य तेज गति से हो रहा है। प्रदेश नए उत्साह और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। सरकार बनने के पहले जितना वादा किया गया था, उसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लगातार पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि मुंगेली नगर पालिका की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। शहर में नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन का आज भूमिपूजन किया गया है। इसके साथ-साथ विकास के विभिन्न कार्यों को गति मिलने से मुंगेली जिले को एक नई पहचान मिल रही है। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कलेक्टोरेट के अधीक्षक अशोक सोनी ने किया।

## खबर-खास

# अपनी मर्जी से चला रहे ठेकेदार काम अधूरा छोड़ अपने धुन में मस्त



**गरियाबंद।** ग्राम पंचायत सरकड़ा किसी न किसी कारणों से सुर्खियों में रहा है,इसी के तहत यहां काम करने वाले ठेकेदार अपनी धुन में मस्त है जहां ग्रामीणों को शूद्ध पेयजल की तलाश है गाँव मे बने टँकी से लोगो को जल्दी मीले lलेकिन सरकड़ा के ठेकेदार एक डेढ़ साल से काम अधूरा छोड़ दिया ऐसे में जहां लोगो को नल जल योजना के घर घर पाइप लाइन के माध्यम से पानी घरों घर पहुचना जिससे उन्हें दूसरी जगह पानी के लिए न जाना न पड़े तो सरकड़ा के ठेकेदार द्वारा आधा अधूरा पाइप लाइन फिटिंग कर छोड़ दिया इसमे अच्छी खासी रोड में पाइप लाइन तो किया,लेकिन कई जगहों को ऐसे ही छोड़ दिया गया जिसके चलते बरसात में राहगीरो बड़ी परेशानी होती है और गली के अंदर मोहल्लों और घरों में होने वाले नल कनेक्शन अभी तक नही हुआ और एक ठेकेदार ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर मे 5 से 7 जगह गाँव ठेका लेके काम कर रहे है lइसी कारण गाँव के काम को आधा अधूरा छोड़ रहे है lवही नल जल योजना के लिए बनाए गए टंकी अभी शुरू नही हुआ है और अभी से टूटने,जर्जर,और दरारे पड़ गयी सीढ़ियों की डाले गए बजरी गिट्टी उखड़ने लगी है जो टारगेट पूरा करने और ज्यादा कमाने के चक्कर मे घटिया निर्माण किया है जो भ्रस्टाचार के भेट चढ़ गया। जिससे टंकी जल्दी टूटने का डर है ऐसे में ठेकेदारों की भारी मनमानी खुले आम देखने को मिल रहा है lजबकि जिला प्रशासन के द्वारा नलजल योजना के कार्य को गंभीरता से लेते हुए हर बैठक में कार्य की गुणवत्ता और कार्य जल्दी करने का निर्देश दिया जाता है ताकि लोगो को शुद्ध और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा सके।

**दिनेश कुमार सेन नल जलयोजना ठेकेदार कोरबा,,,,,–** गाँव का सीसी रोड है तो गांव वाले मना किया थे अभी काम चालू करेंगे अभी काम चल रहा है काम बहुत जल्द होने का आश्वासन ही दिया जा रहा है।

# शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में मनाया गया, भारतीय महिला दिवस,महिला शक्तियों का किया ग़या सम्मान




**गरियाबंद।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में देश की प्रथम महिला शिक्षक सावित्री बाई फूले का जन्म दिवस भारतीय महिला दिवस के रूप मनाया गया lइस अवसर पर शाला परिवार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनबाड़ी सहायिका एवं मध्यान्ह भोजन रसोइया जनों का सम्मान श्रीफल भेंट कर तथा तिलक लगाकर किया ग़या lदेश इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्रधान पाठक गिरीश शर्मा ने सावित्री बाईं फूले के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया की सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था lसावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं lसावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जिया,5 सितंबर 1848 में उन्होंने महिलाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की lएक वर्ष में सावित्रीबाई और महात्मा फुले पाँच नये विद्यालय खोलने में सफल हुए lतत्कालीन सरकार ने इन्हे सम्मानित भी किया lएक महिला प्रिंसिपल के लिये सन् 1848 में बालिका विद्यालय चलाना कितना मुश्किल रहा होगा,इसकी कल्पना शायद आज भी नहीं की जा सकती lसावित्रीबाई फुले उस दौर में न सिर्फ खुद पढ़ीं,बल्कि दूसरी लड़कियों के पढ़ने का भी बंदोबस्त किया lसावित्रीबाई पूरे देश की महानायिका हैं lअपने पथ पर चलते रहने की प्रेरणा बहुत अच्छे से देती हैं lशिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले ने बहुत बड़ा योगदान है lआज इन्हीं की बदौलत महिलाएं सम्मान से जीवन व्यतीत कर रही है lकार्यक्रम में शाला परिवार खट्टी की ओर से प्रभारी प्रधान पाठक गिरीश शर्मा एवं सहायक शिक्षक नारायण चंद्राकर तथा छात्र छात्राओं ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिव कुमारी चंद्राकर,आंगनबाड़ी सहायिका नंद कुंवर यादव,मध्यान्ह भोजन रसोइया दीपक बाई ध्रुव एवं मानकी बाई कमार का सम्मान श्रीफल भेंट कर एवं तिलक लगाकर किया गया lभारतीय महिला दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नारायण चंद्राकर ने किया।

# नए वर्ष 2025 में पिपरिया के विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं का किया सम्मान

### कबीरा खड़ा बाजार में प्रगतिशील वैचारिक मंच की 2022 से लगातार शानदार प्रस्तुति



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** नगर पंचायत पिपरिया में लगातार सक्रिय रहकर काम करने वाली नवयुवकों की टीम कबीरा खड़ा बाज़ार में प्रगतिशील वैचारिक मंच द्वारा आगाज़ 2022 से लगातार शानदार सफलता के बाद नव वर्ष 2025 का उत्साह के साथ स्वागत किया। बड़े बाजार स्थित सांस्कृतिक मंच पर आगाज 2025 महिला सशक्तिकरण को समर्पित रिकार्डिंग नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नगर की प्रतिष्ठित एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्य करने वाली सफल महिलाओं को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आगाज 2025 के रिकार्डिंग नृत्य प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में प्रथम स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया, द्वितीय सौम्या एवं साथी (स्वतंत्र प्रतिभागी), तृतीय शासकीय महाविद्यालय पिपरिया तो जूनियर वर्ग में प्रथम ग्लोरियस स्कूल पिपरिया द्वितीय कर्मा विद्या मंदिर एवं तृतीय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिपरिया रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार 1101 रु एवम् शील्ड शत्रुहन साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत पिपरिया द्वारा द्वितीय पुरस्कार 751 रु एवं शील्ड दीक्षा कंप्यूटर्स एवं आधार केन्द्र तृतीय पुरस्कार लक्ष्य ऑटो पार्ट्स द्वारा दिया गया। वहीं जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार रनवे मेंस वियर पिपरिया द्वारा 1101 रु एवं शील्ड, द्वितीय पुरुस्कार गणपति कंप्यूटर्स 751 रु एवम् शील्ड, तृतीय पुरस्कार उज्वल बुक डिपो पिपरिया द्वारा 551 रु एवम् शील्ड प्रदान किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात टीम के संरक्षक घुरवा राम साहू, समय लाल विवेक, डॉ एमएल चंद्रवंशी जनप्रतिनिधियों लोकेश साहू, सुंदर साहू, गणेश चंद्रवंशी, कमलकांत नाविक, रवीन्द्र देवांगन, शिवचरण पटेल, कोमल पटेल एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद चंद्रवंशी ने महिलाओं प्रतिभाशाली महिलाओं का सम्मान किया।

कार्यक्रम में प्रायोजक के रूप में बड़े बाजार क्षेत्र के सभी व्यापारी बंधु रहे। विशेष उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन टीम के संरक्षगण घुरवा राम साहू समयलाल विवेक, डॉ.एम.एल.चंद्रवंशी, विक्की अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष, शत्रुहन साहू न पं उपाध्यक्ष, सुंदर साहू पार्षद नगर पंचायत पिपरिया का रहा। मंच व्यवस्था हेतु विशेष सहयोग लोकेश साहू, कमलकांत नाविक, गणेश चंद्रवंशी, रामकुमार केशरी, मेलन पटेल, शिवचरण पटेल, द्वारा किया गया। सिद्धि विनायक समिति द्वारा लाइटिंग एवं आकाश कुंभकार द्वारा साउंड व्यवस्था के साथ ही बैठक व्यवस्था में न्यू सुनील गारमेंट्स का सहयोग मिला।

**विभिन्न क्षेत्रों की सफल महिलाएं सम्मानित हुई–** सम्मानित होने वाली शिक्षा के क्षेत्र में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक गंगा सेन, प्रधान पाठक, संयोगिता सोनी, शिक्षिका संतोष साहू, स्वाति शर्मा, सुप्रिया तिवारी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ बॉबी चंद्रवंशी, डॉ पारखी ध्रुव, शकुंतला कोमरे, राजेश्वरी दास मानिकपुरी, राजनीति के क्षेत्र में नगर की प्रथम महिला हीना विक्की अग्रवाल, इंद्राणी शत्रुघ्न साहू, कुमारी तुकाराम साहू, केवरी लोकेश साहू, राजिम सुंदर साहू, दुर्गा कमलकांत नाविक, अनिता अनिल दानी, सुनीता गणेश चंद्रवंशी, संध्या रवीन्द्र देवांगन, अमरीका कोमल पटेल, मेलन बुधरु पटेल, सामाजिक क्षेत्र में कल्पना मनोहर लाल चंद्रवंशी, रश्मि घनश्याम केशरी, गरिमा सतीश गुप्ता, ऋतु अमित केशरी आदि शामिल रहे।

# मर्क्यूरी ईवी टेक लिमिटेड ने डीसी 2 मर्क्यूरी कार्स प्राइवेट लिमिटेड में 69.84न हिस्सेदारी खरीदेगी

मर्क्यूरी ईवी टेक लिमिटेड (बीएसईः 531357), जो इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में एक प्रमुख कंपनी है, ने डीसी2 मर्क्यूरी कार्स प्राइवेट लिमिटेड और अनुराधा बी. छाबड़िया (विक्रेता) के साथ शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी 25,00,000 इक्विटी शेयरों में से 69.84% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। इस अधिग्रहण के बाद, लक्षित कंपनी को अधिग्रहक की सहायक कंपनी माना जाएगा।

डीसी2 मर्क्यूरी कार्स मुख्य रूप से यात्री कारों, स्पोर्ट्स कारों और कारों के संशोधन का डिज़ाइन करती है। कंपनी के मुख्य डिज़ाइनर श्री दिलीप छाबड़िया (डीसी) के होने के कारण, उनकी कारों के डिज़ाइन में विशेषज्ञता मर्क्यूरी ईवी-टेक लिमिटेड के लिए उनके असाधारण कौशल का एक सजीव उदाहरण बनेगी। डीसी मर्क्यूरी कार्स के ब्रांड के तहत यह सहयोग उत्पादों की बाजार में स्वीकृति बढ़ाने और आगामी वर्षों में व्यापार वृद्धि को प्रेरित करने की उम्मीद है। यह रणनीतिक अधिग्रहण मर्क्यूरी ईवी-टेक के उत्पाद पोर्टफोलियो में एक और पहलू जोड़ देगा।

डीसी मुख्य रूप से मौजूदा कारों का डिज़ाइन कर रहा है और उनकी विभिन्न स्पोर्ट्स और एसयूवी कार डिज़ाइन भी हैं, जिन्हें मुख्य डिज़ाइनर श्री दिलीप छाबड़िया (डीसी) द्वारा डिज़ाइन किया गया है। 1993 में स्थापित डीसी डिज़ाइन भारत में विशेष कार अनुकूलन के लिए एक प्रमुख स्टूडियो बन गया। डीसी लक्ज़री सेडान, स्पोर्ट्स कार, और यहां तक कि व्यावसायिक वाहनों को अनोखे master-श्द्ध्द्र्ष्ड्ह्य में बदलने के लिए प्रसिद्ध हैं।

**// कार्यालय ग्राम पंचायत रेड़ा, जनपद पंचायत सारंगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( छ.ग. ) //**

क्र. क्यू/ग्रा.पं./2024-25, रेड़ा, दिनांक 02.01.2025

**// दुकानों की खुली नीलामी की सूचना //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रेड़ा द्वारा पंचायत क्षेत्रांतर्गत मुख्य मार्ग में स्कूल के पास व्यवसायिक परिसर के रूप में कुल 09 नग दुकान का निर्माण किया गया है। उक्त सभी दुकानों की आम नीलामी दिनांक 10/01/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे से ग्राम पंचायत रेड़ा के पंचायत भवन में की जावेगी।

**टीप :-**
1- धरोहर राशि नीलामी सूचना के पूर्व ग्राम पंचायत में जमा करना अनिवार्य होगा एवं उक्त दुकानों की बोली मासिक किराया राशि के दर पर होगी।
2- नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन अवधि में ग्राम पंचायत रेड़ा में अवलोकन किया जा सकता है।
3- बोलीकर्ता प्रतिनिधि होने पर संबंधित्त व्यक्ति का अधिकार पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत रेड़ा**

# चार दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

### निकले कलश यात्रा



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ की पवित्र भूमि गरियाबंद के प्राण स्वरूप गरियाबंद के हृदय स्थल गांधी मैदान में शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को चार दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ विशालकाय भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ किया गया lइस दौरान गरियाबंद जिले के अलावा अन्य जिलों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भी कलश यात्रा में भाग लिया और धार्मिक उल्लास के साथ यात्रा में शामिल हुए lगायत्री महामंत्र और सामूहिक शंखनाद और राष्ट्रीय गीत अरपा पैरी के धार के सु मधुर गायन से कलश शोभा यात्रा की शुरुआत मां गायत्री,पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य,और माता भगवती देवी के चित्र के समक्ष शांतिकुंज हरिद्वार से आए विद्वान आचार्यों ने मंगल व ध्वज गीतों के बीच कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया lमाथे पर कलश लिए पीतवस्त्र धारियों से पूरा शहर पट गया lमंगल गीतों व गगनभेदी जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

भव्य और दिव्य कलश यात्रा का पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने पुष्पवर्षा अकड़ किया स्वागत कहा दो दशक के बाद इस शुभ कार्यक्रम में शामिल होना गर्व की बात है,,,,नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन अपनी पूरी पालिका टीम के साथ कलश यात्रा के भव्य स्वागत में लगे रहे वही श्रीमेमन ने कलश यात्रा में चल रहे लोगो का फूलो से स्वागत किया साथ ही पालिका अध्यक्ष ने कहा इस कार्यक्रम का गरियाबंद जिले में होना और इसमें शामिल होना बेहद गर्व की बात है मैं आप सभी नगरवासियो से निवेदन करता हूँ भारी संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ उठावे lकलश यात्रा में कई भजन कीर्तन मंडली रही, जो देवी भजनों से लगातार लोगों को मनमोहित करती रही,साथ ही भगवान शिव की जीवन्त झांकी सबको सेल्फी लेने मजबूर कर रहा था lदूसरी पंक्ति में कार्यक्रम के आयोजक और हजारों महिलाओं का समूह रहा। ये महिलाएं अपनी संस्कृति में खुशी के साथ ध्वज पताका लिए मां गायत्री की जय-जयकार के नारों के साथ शहर की सड़कों पर निकले lइस पूरी यात्रा में गरियाबंद शहर के सभी समाजों ने स्वागत में फूल बरसाए।

लगभग 1008 कलश की यह यात्रा यज्ञ स्थल से संतोषी मंदिर होते हुए शारदा चौक,गौरव पथ,भूतेश्वर चौक से मुख्य मार्ग होते हुए तिरंगा चौक से छीन तालाब पहुंची,वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश देवता का पूजन किया गया और जलपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ lइसके बाद यात्रा सुभाष चौक,शीतला मंदिर,दुर्गा मंदिर होकर गायत्री मंदिर होते हुए पुन: गायत्री गांधी मैदान पहुंची,जहां कलश देवता की महा आरती कर स्वागत वंदन किया गया lगरियाबंद के गांधी मैदान में मुख्य मंच पर शांतिकुंज हरिद्वार से आए ऋषिपुत्रो द्वारा गायत्री महायज्ञ का उद्देश्य बताते हुए कहा कि गायत्री परिवार द्वारा एक से चार जनवरी तक आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ राष्ट्र को सक्षम, समर्थ,और समृद्ध बनाने का एक महान आध्यात्मिक प्रयोग है lउन्होंने कहा कि 卐मनुष्य एक भटका हुआ देवता है,यदि वह सही दिशा में चल पड़े तो उससे बढ़कर कोई श्रेष्ठ नहीं,गायत्री महायज्ञ मानव को सही दिशा में चलाने का उपाय है lगरियाबंद वासियों के लिए नए वर्ष की सुबह बेहद खास रही। गायत्री शक्तिपीठ गरियाबंद द्वारा आयोजित 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए शहर में 1008 भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई।

**// न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग ( छत्तीसगढ़ ) //**

क्रमांक /951/ प्रस्तुतकार/विवाह अधि. /2024-25
दुर्ग दिनांक 27.11.2024
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्व साधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक बरून गोराई पिता आनंदा गोराई निवासी 1. हाऊस नंबर 701 गौरलाटा (डेल्टा) बिल्डिंग आईआईटी भिलाई, कुटेलाभाटा, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491001, 2. आनंदा गोराई, विकासपल्ली, भटबंध पुरूलिया एम. वार्ड नं. 04, पुरूलिया-1, पुरूलिया, पश्चिम बंगाल 723101 आवेदिका असरीफा सुल्ताना पिता अनिसुर रहमान निवासी 1. फ्लैट नं. 701 गौरलाटा कुटेलाभाटा, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491001, 2. गफुरपुर बराज रघुनाथगंज- ।।, मुरसीदाबाद, पश्चिम बंगाल 742213, द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 07/01/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।
आज दिनांक 27/11/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग ( छ.ग. )**

मुहर

**न्यायालय नायब तहसीलदार, सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**

रा.प्र.क्र. 202501212300002 /ब-121/2024
ग्राम सोनबरसा प.ह.नं.29

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूखन लाल कुर्रे पिता हिरदे लाल कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम सोनबरसा प.ह.नं. 29 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक अपने स्वयं का जन्म दिनांक 15/11/1974 को स्थान ग्राम सोनबरसा में हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत सोनबरसा में जन्म पंजीयन दर्ज नहीं करा पाया था। जिसके कारण आवेदक अपने स्वयं का जन्म पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। आवेदन के साथ दस्तावेज संलग्न किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 17/1/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

दिनांक 2 /1/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सुहेला**

मुहर

# गरियाबंद के रसायन व्याख्याताओं का सेवाकालीन प्रशिक्षण संपन्न हुआ



**गरियाबंद।** सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण के अंतर्गत गरियाबंद जिले के रसायन शास्त्र व्याख्याताओं का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ lजिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत के निर्देशन व प्रशिक्षण नोडल एडीपीओ बुद्ध विलास सिंह सहायक नोडल एपीसी विल्सन थॉमस के मार्गदर्शन में विषयवार सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें विषय विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ एवं व्याख्याता राजेश कंसारी द्वारा जिले के रसायन शास्त्र व्याख्याताओं को प्रशिक्षण दिया गया lआवासीय प्रशिक्षण का संचालन कार्यक्रम प्रभारी बीआरसीसी तेजेश शर्मा की देखरेख में बीआरसीसी भवन गरियाबंद में हुआ lप्रशिक्षण का संचालन दो चरणों में हुआ lप्रथम चरण में आनलाइन प्रशिक्षण 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक संचालित हुआ एवं दूसरे चरण का आवासीय प्रशिक्षण 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक तीन दिवस में संपन्न हुआ lडीआरजी समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति 2020 आधारित कक्षा 9वीं से 12वीं विषयपरक शिक्षण अधिगम प्रक्रिया,सीखने के प्रतिफल,रासायनिक अभिक्रियाओं के सरल प्रदर्शन,गतिविधि आधारित शिक्षण,अनुभवात्मक शिक्षण,करके सीखना,खेल आधारित केमिकल पजल,ढ्ढष्टञ्ज का अनुप्रयोग, माध्यमिक स्तर विद्यार्थियों की समझ,सतत् विकास लक्ष्य,विद्युत रसायन,रासायनिक अवधारणाओं को दैनिक जीवन से जोड़ना,पाठ्यक्रम आधारित प्रायोगिक कार्य, रासायनिक बलगतिकी,फिजिकल केमेस्ट्री,कार्बनिक रसायन की कठिन अवधारणाओं को प्रायोगिक तौर पर शिक्षकों द्वारा गतिविधि करवाकर स्पष्ट कराने का प्रयास किया गया lप्रशिक्षु व्याख्याताओं की शंकाओं के समाधान रसायन विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने,नवाचारी प्रयोगों, 21वीं सदी के कौशल,कक्षा शिक्षण की तैयारी व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श हुआ lप्रशिक्षणार्थी व्याख्याताओं के प्री टेस्ट व पोस्ट टेस्ट लिए गए। प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत,डीएमसी के नायक और डाइट रायपुर प्राचार्य बी एल देवांगन और उनकी टीम द्वारा निरीक्षण किया गया और फीडबैक लिया गया lउक्त प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर उपसंचालक अजित सिंग जाट शिक्षा संचनालय रायपुर,जिला नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर, एपीसी मनोज केला प्रशिक्षण स्थल पर पहूंच कर प्रशिक्षु व्याख्याताओं से रूबरू हुए और शिक्षकीय कार्यों में आने वाली समस्याओं उनके समाधान, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी,प्रश्न बैंक की उपयोगिता और अन्य मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा की।

### रेलवे ट्रैक पर मिली दो युवकों की लाश

**जांजगीर-चांपा।** जिले के कोसमंदा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर दो युवकों की क्षतविक्षत लाश मिली है। घटनास्थल पर प्रारंभिक जांच के बाद आशंका जताई जा रही है कि दोनों की मौत ट्रेन से कटने से हुई है। घटना चांपा थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान भानु साहू (22) और अनुराग यादव (17) के रूप में हुई है। भानु साहू कोसमंदा गांव का रहने वाला था, जबकि अनुराग यादव लछनपुर का निवासी था।

**// न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग ( छत्तीसगढ़ ) //**

रा.मा.क्र./202412101500066/अ-6/2024-25
पाटन, दिनांक 31/12/2024
ग्राम औरी प.ह.नं.08
तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक सुनहर पिता रामलाल निवासी ग्राम औरी तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा (छ.ग.) मौजा ग्राम औरी प.ह.नं. 08 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित ख.नं. 499/2 रकबा 0.24 हे. भूमि सुनहर आ. रामलाल, नीराबाई आ. रामलाल, सुकवारो बाई बेवा रामलाल के सामिलात खाते में दर्ज है। उक्त सह खातेदार नीराबाई आ. रामलाल की फोत दिनांक 07.11.2011 को हो चुका है एवं सुकवारों बाई बेवा रामलाल की फौत दिनांक 15.12.2019 को हो चुका है। अत: आवेदक द्वारा फौती नामांतरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण इत न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो नियत सुनवाई दिनांक 17/01/2025 तक स्वत: या अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से इस व्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 31/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार पाटन**
**जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

मुहर

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**
**जोन क्रमांक- 08**
**--:: निविदा आमंत्रण सूचना ::--**

क्रमांक 585/लो.क.वि./न.पा.नि./ जोन क्रमांक - 08/2025 — रायपुर, दिनांक 01/01/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 08 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यो के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से आयटम दर/ पी.डब्ल्यू.डी. रोड/ भवन एसओआर 2015 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग 2020 आज दिनांक तक संशोधित दर पर त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से निविदाए आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 13.01.2025 दिन सोमवार सायं 5 बजे तक अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 17.01.2025 दिन शुक्रवार
3. जोन आयुक्त कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 08 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) में त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 22.01.2025 दिन बुधवार सायं 3.30 तक
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाए दिनांक 24.01.2025 को प्रात: 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। अपरिहार्य कारणों से निर्धारित तिथि तक निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जाएगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणित राशि रू ( लाख में ) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि | एस.ओ. आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन क्रमांक 08 अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सफाई कार्य हेतु 08 स्वच्छता कमाण्डो रखे जाने का कार्य। | 1326912.00 | 10000.00 | 750.00 | 12 माह | कलेक्टर दर |
| 2. | जोन क्रमांक 08 अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से माधवराव सप्रे वार्ड क्र. 69 स्थित महादेव घाट पर्यटन स्थल की सफाई कार्य हेतु 10 सफाई कामगार रखे जाने का कार्य। | 1658640.00 | 12500.00 | 750.00 | 12 माह | कलेक्टर दर |

**नियम व शर्ते :-**
1. निविदा दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जायेगा। 2. लेबर पंजीयन प्रमाणपत्र (जीवित), 3. बैंक साल्वेंशी (निविदा आमंत्रण से एक वर्ष तक प्रभावशील होना चाहिए) 4. जीएसटी प्रमाण पत्र एवं जीएसटी रिटर्न (विगत 03 माह) 5. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रू. का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि पश्चात् का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 6. निविदा जारी होने के पश्चात् से एफ.डी.आर मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत करना आवश्यक है। तथा जो एफ.डी.आर. आगामी एक वर्ष तक जीवित होना आवश्यक है। 7. त्रि लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
**टीप**-:- अन्य निविदा की शर्ते एवं जानकारियां कार्यर्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन कमांक-08 में अवलोकन किया जा सकता है।

**घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र ( वाहन ) को देवें।**

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रं. 08**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## संक्षिप्त-खबर

### ग्राम बैतारी में 334 क्विंटल व सांकरा में 70 पैकेट अवैध धान जप्त



**महासमुंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण के विरूद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज सरायपाली तहसील के ग्राम बैतारी में शुक्रवार को राजस्व और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 चक्का ट्रक से 334 क्विंटल अवैध धान जब्त किया। सूत्रों के अनुसार, टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक के माध्यम से अवैध रूप से धान का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने ट्रक को रोका और उसकी जांच की। जांच के दौरान ट्रक में लदे धान के दस्तावेज सही नहीं पाए गए। तहसीलदार श्रीधर पंडा ने बताया कि ट्रक चालक के पास धान परिवहन के लिए जरूरी वैध परमिट नहीं था। यह कृषि मंडी अधिनियम और राजस्व नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। अवैध परिवहन के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रक और उसमें लदे 334 क्विंटल धान को जप्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह मामला कृषि मंडी अधिनियम और राजस्व नियमों के उल्लंघन से संबंधित है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। इसी प्रकार से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम कार्रवाई करते हुए ग्राम सांकरा में विनोद कुमार गर्ग के गोदाम 70 पैकेट अवैध धान जब्त किए। जांच की गई, जहां नियमों के खिलाफ धान का भंडारण पाया गया।

### किसान परिवार बेटी वीणा साहू बनी मिलिट्री अस्पताल में लेफ्टिनेंट



**बालोद।** बालोद जिले के जमरूवा गांव की किसान परिवार के बेटी वीणा साहू के मिलिट्री अस्पताल में लेफ्टिनेंट बनने का सपना साकार हो गया है। वीणा लेफ्टिनेंट के पद पर अब वो मिलिट्री अस्पताल अंबाला में कार्य कर रही है। और देश के जवानों व उनके परिवारवालो को वह स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रही है।

**मुख्यमंत्री ने फोन पर बधाई दी** – तीन माह की ड्यूटी के बाद जब वीणा साहू छुट्टियों में घर आई तो पूरे गांव ने उसका स्वागत किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फोन पर वीणा को बधाई दी इस बीच सीएम साय ने फोन पर उनसे बात करने के दौरान वीणा की खूब तारीफकी है।

**समूचे छत्तीसगढ़ को किया गौरवान्वित** – सीएम ने अपने पोस्ट पर बिटिया वीणा से कहा, बालोद जिले के ग्राम जमरूवा के किसान परिवार की वीणा साहू ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट नर्सिंग अफसर बनकर समूचे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। 'बड़ा अच्छा लगा जानकर कि आप लेफ्टिनेंट नर्सिंग अफसर बन गई हैं। आपने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है, छत्तीसगढ़ का सिर ऊंचा किया है। आपको बहुत-बहुत बधाई एवं बहुत-बहुत शुभकामनाएं और कहा, छत्तीसगढ़ की इस बेटी पर गर्व है।आज फोन पर बिटिया वीणा से बात कर उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उत्साहवर्धन किया। कहा, बेटियां हमारा स्वाभिमान हैं, छत्तीसगढ़ की शान हैं।वीणा की यह उपलब्धि प्रदेश के असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है,बिटिया को पुन: बधाई।

### छात्रों की परेशानी देखते हुए एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने दिया ज्ञापन



**सारंगढ़ ( समय दर्शन )।** एम.ए. हिन्दी तृतीय सेमेस्टर प्रषन पत्रतृतीय प्रयोजन मूलक हिन्दी में विश्वविद्यालय के अनुसार दिये गये अंग विभाजन (ईकाई अनुसार).प्रन नही दिये गये एवं प्रश्न क्रमांक खण्ड (अ) के एक (6), (7), (9), (10) प्रश्न क्रमांक :02 (5) तथा खण्ड (ब) के प्रन करमांक (7), (10) चतुर्थ सेमेस्टर के है जो कि तृतीय सेमेस्टरके सेलिबससे बाहर हो जाना यूनिवर्सिटी की त्रुटि है जिसके संदर्भ में छात्र-छात्राओं ने उचित समाधान हेतु कुलपति के नाम डिग्री कालेज सारंगढ़ के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन जिसमे एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष विकास मालाकार विधानसभा अध्यक्ष अंकित पटेल एम ए के छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

# वन परिक्षेत्र कार्यालय एवं आवास परिसर का हुआ लोकार्पण

**बसना( समय दर्शन )।** बसना काष्ठागार में 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित वन परिक्षेत्र कार्यालय एवं 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित आवास परिसर का लोकार्पण कार्यक्रम महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल की आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उन्होंने पूजा अर्चना कर फीता काट कर लोकार्पण किया इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण भी किया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि वन परिक्षेत्र कार्यालय से क्षेत्रवासियों को बहुत ही अधिक सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही आवास परिसर में वन अधिकारियों को निवास करने में अधिक से अधिक सुविधा का लाभ मिलेगा। जिससे वें सभी गर्मी एवं ठण्डी मौसम के साथ साथ हर समय जनता के सहयोग के लिए उपस्थित रह सकते हैं। आज हमारी डबल इंजन की भाजपा सरकार लगातार वन विभाग सहित हर एक विभाग में अधिक से अधिक विकास कार्यों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे वन मंत्री श्री केदार कश्यप वन क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों व




वृक्षारोपण पर नये नये तरीके से निरंतर प्रयास कर रहे हैं। सभी अधिकारियों को कहना चाहूंगा कि क्षेत्र के जनता से सामंजस्य स्थापित कर सरकार की सभी विकास कार्यों को जमीन स्तर पर उतारने में सरकार की सहयोग करें। अभी भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण हुआ है इस एक वर्ष के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने बसना विधानसभा को 400 करोड़ से भी अधिक राशि का विकास कार्य स्वीकृत किए हैं। अभी अनेकों स्कूल एवं अस्पताल का निर्माण कार्य किया जाना है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल,महासमुंद वन मण्डलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत, वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला,वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश अग्रवाल, सरायपाली एसडीओ अनिल भास्करन,वन परिक्षेत्राधिकारी एस आर निराला, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, शीत गुप्ता,कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधिगण विकास वाधवा, निर्मलदास, मोहित पटेल, आकाश सिन्हा, जनपद सदस्यगण ताराचंद साहू, श्वेता मनोज अग्रवाल, अखिलेश भोई, पार्षद महेन्द्र सिंह अरोरा, सेवक दास दीवान, सी डी बघेल, ऋषिकेश दास,अभय धृतलहरे, सुकदेव वैष्णव, अरूण साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बिना कलेक्टर की अनुमति बेचे जा रहे हैं सरकारी जमीनें, हो रही है रजिस्ट्रियां...?

- सरकारी जमीन पर है जमीन दलालों की गिद्ध नजर

**पिथौरा ( समय दर्शन )।** जिले के पिथौरा ब्लॉक में सरकारी जमीन की खरीद फरोख्त का काम जिला प्रशासन के लाख कोशिशों के बाद भी बदस्तूर जारी है,मिली जानकारी के अनुसार इस खरीद फरोख्त में प्रशासन के ही सरकारी मुलाजिम इस खेल मे शामिल है यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी । सरकारी जमीन जिसमें बड़े झाड़ के जंगल भी शामिल है। पटवारियों सहित कुछ राजस्व की मिली भगत से यह कारनामे महासमुंद जिले के पिथौरा ब्लॉक में चल रहे हैं।

ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया हैं। सरकार द्वारा दी गई जमीन को बिना कलेक्टर के आदेश बेच जा रहा है। इस खरीदी बिक्री में एक सरकारी मुलाजिम का हांथ बताया जा रहा है। इस भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी के चर्चे कभी अखबारों के हेड लाइन बने थे।

गौरतलब हो कि, पिथौरा ब्लॉक के ग्राम टेका पटवारी हल्का नम्बर 9 राजस्व निरीक्षक मण्डल तहसील पिथौरा के भूमि



खसरा नम्बर 421/3 रक्बा 0.195 हेक्टर भूमि को बिना कलेक्टर की अनुमति के बेच दिया गया है। मिली जानकारी अनुसार भूमि का नया खसरा नम्बर 421/3 (421/1 पुराना) रक्बा 0.1950 हेक्टर दुर्गाबाई पति छबिलाल जाति अघरिया निवासी के नाम से भूमिस्वामी हक पर दर्ज कर दिया गया है।

जबकि उक्त भूमि पूर्व में सन् 1980-81 के खसरा पांचसाला पुराने खसरा नम्बर 139/1 रक्बा 7.127 हेक्टर भूमि बड़े झाड़ के जंगल मद पर दर्ज हैं। सन् 1954-55 के अधिकार अभिलेख में बड़े झाड़ के जंगल तथा संशोधन पंजी सन् 1963-64 में पुराना खसरा नम्बर 149/3 रक्बा 3.20 एकड़ भूमि टिकेमनी - बैसाखु रावत सा. देह- भूमिस्वामी के नाम पर बड़े झाड़ के जंगल के तुकडा से संशोधन पंजी कमांक 33, दिनांक 11/10/1962 में दर्ज है व खसरा नम्बर 149/3, 149/11 तहसीलदार सा. महासमुन्द मा. क. 181/ अ-19 सन 1959-60 आदेश दिनांक 26/07/1963 के अनुसार बड़े झाड़ के जंगल भूमि

उक्त भूमि शासकीय बड़े झाड़ के जंगल से शासकीय भूमि पट्टा में मिला हैं। भूमि स्वामी द्वारा खसरा नम्बर 421/3 रक्बा 0.195 हेक्टर भूमि को कूट रचना करते हुऐ अनावेदिका दुर्गाबाई पति छबिलाल जाति अघरिया को बेच दिया गया है। अनावेदिका द्वारा भूमि क्रय कर शासन से बिना अनुमति के शासन से प्राप्त भूमि को क्रय किया गया हैं। उक्त भूमि को क्रय के पूर्व कलेक्टर से अनुमति नहीं लिया गया। चूंकि भूमि शासन से प्राप्त भूमि है, बिना अनुमति के क्रय किया जाना शासकीय पट्टे के नियम का उल्लंघन हैं।

ग्राम टेका पटवारी हल्का नम्बर 9 राजस्व निरीक्षक मण्डल पिथौरा तहसील पिथौरा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 421/3 रकबा 0.1950 हेक्टर (20,982 वर्गफीट) भूमि टिकेमनी बैसाखु रावत सा0 देह की भूमि है ।

उक्त भूमि को स्वामी दुर्गाबाई पति छबिलाल जाति अघरिया ने कूट रचना करते हुऐ अपने नाम करा कर रजिस्ट्री करा ली है। बताया जा रहा है कि इस जमीन में पेट्रोल टंकी निर्माण करने की प्रक्रिया चालू है। शासकीय पट्टे की भूमि में पेट्रोल टंकी निर्माण नही किया जा सकता है, न ही इसकी एन.ओ.सी. नहीं दिया जाना चाहिए। जानकारी के मुताबिक वह भूमि हाथी विचरण क्षेत्र में आती है जिसमे हाथियों आ आना जाना बना रहता हैं।

जिले भर में सरकारी जमीन की खरीद फरोख्त फर्जी तरीके से जारी है। इस तरह के फर्जी कामों को जिले के कुछ पटवारी, राजस्व के अधिकारी और जमीन दलालों द्वारा मिली भगत कर अंजाम दिया जा रहा है।

## नया साल धूमधाम से मनाया गया खट्टाडीह में



**शंकर लहरे/ बागबाहरा (समय दर्शन)।** ग्राम खट्टाडीह में नारी शक्ति, मातृ शक्ति, महिलाओं व एकता युवा समिति के द्वारा बड़े धूमधाम से नया साल मनाया गया। सबसे पहले मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा.कुमार चक्रधारी अध्यक्ष एकता युवा समिति, अध्यक्षता श्रीमती सुहान बाई साहू पूर्व पंच वार्ड नंबर 08, अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में संरक्षक एकता युवा समिति.लखन ठाकुर श्रीमती बिरझा बाई दीवान,.राजेश दीवान सचिव एकता युवा समिति, .सुरेश साहु कोषाध्यक्ष एकता युवा समिति के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुमार चक्रधारी ने कहा कि सभी को नया साल की बधाई व शुभकामनाएं और यह नूतन वर्ष आप सभी के जीवन में प्रसन्नता और सफलता लेकर आए। यह नूतन वर्ष का जश्न समाज में एक साथ बैठकर साझा करने का एक अवसर होता है और लोग एक-दूसरे के साथ प्यार और समर्थन का भाव बढ़ाते है। तत्पश्चात बच्चों व नारी शक्ति के द्वारा रिकार्डिंग डांस का लुत्फ उठाते हुए रात भर जश्न मनाया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन नारी शक्ति दीपिका चक्रधारी एवं पोखराज दीवान ने की। आयोजक गण कुंवर बाई दीवान, जानकी साहु, कुमारी ठाकुर, दीनेश्वरी साहु, सुमन दीवान, यशमत दीवान, सोनी साहु, उमा बाई चक्रधारी, लक्ष्मीनारायण दीवान, देवकुमार साहु, मुकेश साहु, डेंग कुमार दीवान, रमेश साहू, दीपक मिश्रा, कांतिलाल चक्रधारी, भीष्म कुमार चक्रधारी, पुरुषोत्तम ठाकुर, बालेश्वर ठाकुर, दीपक साहू, कृष्णा साहु, रहे।

## मोटर सायकल ट्रैक्टर से टकरायी वृद्ध की मौत, चालक गंभीर





- गंभीर अवस्था में दोनों रायपुर रेफर, रास्ते में वृद्ध ने तोड़ा दम
- घटना बसना-रायपुर बाईपास की

**बसना( समय दर्शन )।** नववर्ष के पहले ही दिन बुधवार को बसना- रायपुर बाईपास पर मोटर सायक ट्रेक्टर से टकरा गई। जिसमें बाइक चालक तथा वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुये उच्च स्तरीय उपचारार्थ रायपुर ले जाया जा रहा था। परंतु वृद्ध की रास्ते में ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त घटना नगर से करीब एक डेढ किलोमीटर दूर बसना-रायपुर बाईपास की है। जहां नववर्ष के पहले दिन बुधवार रात को घटी। बताया गया है कि सुकलाल पिता गोपी चौहान 65 वर्ष ग्राम सपोस निवासी मुर्गी खरीद कर सायकल से गाँव-गाँव बेचने का काम करता था। बीती रात सुकलाल, डोला राणा 35 वर्ष की मोटर सायकल में मुर्गी खरीदने हेतु बसना आया था। रात करीब 7-8 बजे वापस अपने घर सपोस जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग 53 फोर लाइन में बसना-रायपुर बाईपास के पास उनकी मोटर सायकल एक ट्रैक्टर से टकरा गई। दुर्घटना में डोला राणा ग्राम सांकरा निवासी को गंभीर चोटें आयी है।

वहीं गोपी चौहान का पैर बूरी तरह से फेक्चर हो गया ,तथा सिर में भी गंभीर चोटे आयी है। इस दौरान दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने के बाद एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसना लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुये रायपुर रिफर किया गया। इस दौरान घायल सुकलाल चौहान रायपुर पहुँचने से पहले ही, रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि, डोला राणा को उच्च स्तरीय चिकित्सा हेतु रायपुर रिफर किया गया है। घटना की जानकारी आज मृतक के परिजनों ने बसना थाने में दी है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर बसना पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद सुकलाल चौहान के परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

## इंडिया कराते व बॉक्सिंग मे गोल्ड मैडल हासिल कर पिथौरा ने परचम लहराया

- रॉयल किड्स स्कूल के बच्चों ने एक बार फिर से आल इंडिया कराते एवं मिक्स बॉक्सिंग चेम्पियनशिप मे 4 गोल्ड मैडल, 4 सिल्वर मेडल , 2 ब्रांज मैडल हासिल कर पिथौरा का नाम किया रौशन



**पिथौरा ( समय दर्शन )।** 30 वा फेडरेशन कप ऑफ़ इंडिया करते मिक्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन 28 दिसंबर को एवं समापन समारोह 29 दिसंबर को किया गया कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में दक्षिण भारतीय एवं हिंदी सिनेमा जगत के सुपरस्टार डॉ. सुमन तलवार (गब्बर इज बेक/शिवजी द बॉस) के साथ छालीवुड स्टार एवं छत्तीसगढ़ राइसमिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, बसना विधायक सम्पत अग्रवाल, युवा नेता आकाश विंग, राज्य कराते संघ यू.एस. के. अध्यक्ष गुरुजी सनत राठौर, भारत सरकार द्वारा अर्जुन अवार्ड विजेता ब्रजभूषण मोहंती अध्यक्ष मिक्सबॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, सचिव सचिन व्ही. सिंगोटे, डायरेक्टर सन्तोष गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया, श्री बालाजी विद्या मंदिर के संचालक श्री स्वामी जी, समाज सेवी रॉयल किड्स स्कूल कि संचालिका श्रीमती सुरेखा अवस्थी, श्रम जीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविंद अवस्थी, सहित सम्माननीय जनप्रतिनिधियों के गरिमामयी आतिथ्य में सम्पन्न हुआ उक्त चेम्पियनशिप में महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब, बिहार, उड़ीसा, झारखंड, असम, राजस्थान, उत्तरप्रदेश एवं मेजबान छत्तीसगढ़ राज्यों से लगभग 400 महिला, पुरूष खिलाड़ी, कोच, ऑफिसियल हिस्सा लेंगे जिसमें विभिन्न आयु एवं वजन समूहों में चेम्पियनशिप सम्पन्न हुआ जिसमें क्रमशः युवराज साहू गोल्ड मैडल, शौर्य पटेल गोल्ड मेडल, दुर्गावती ठाकुर गोल्ड मैडल, सक्षम सिन्हा गोल्ड मैडल, साहिल नायक सिल्वर मैडल, आभास प्रधान सिल्वर मैडल, मुदिता सिल्वर मैडल, आदित्य ब्रोज मैडल, मन्नत गुप्ता ब्रोज मैडल ऐसे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान अर्जित करने वाले सभी रॉयल कराते क्लासेज के बच्चों को हार्दिक शुभकामनायें खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्राउज़ मैडल के अलावा प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया , आयोजन के प्रमुख आयोजक वरुण पाण्डेय, जी ने बच्चों की मेहनत को सराहा और उत्साह पूर्वक प्रशंसा की एवं आशीर्वाद दिया एवं कोच श्रीजेता बाजपेयी, को उनके बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दिये ।

## बसना टैक्सी युनियन पांच दशकों से वाहनों के पार्किंग की समस्या से जूझ रहा

**बसना( समय दर्शन )।** टैक्सी यूनियन बसना के समस्त सदस्यों द्वारा जीप, कार, मेटाडोर, ऑटो, मिनी बस,एवं मालवाहक गण पार्किंग स्थल को लेकर अपने वाहनो को पार्किंग करने एवं इस वजह से आ रही जीवन यापन की समस्याा की निदान के लिए स्थान प्रदाय करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

जानकारों के मुताबिक आज जिस स्थान पर बस पार्क होती है दरअसल वह टेक्सी यूनियन के सदस्यों का स्थान है। वर्षो पहले शहीद वीर नारायण सिंह चौक के पास बस स्टेण्ड हुआ करती थी।

विदित हो कि टेक्सी यूनियन के सदस्यों द्वारा टेक्सी स्टेण्ड में शौचालय का निर्माण कराया, टेक्सी यूनियन के अध्यक्ष स्व. तिलकराज वाधवा के कार्यकाल में टिकरापारा समलेशवरी माता मंदिर का निर्माण भी किया गया।यूनियन के सभी सदस्यों व बसना उदारमना लोगों के सहयोग से सिरको नाला के पास चिर घर का निर्माण टेक्सी यूनियन संघ द्वारा किया गया।

नगर में जगह जगह पिवाऊ



फ्रिज़र भी लगाए गए। होली पर्व, विश्वकर्मा जयंती आदि कार्यक्रमो का आयोजन टेक्सी यूनियन धूमधाम से करते रही है। यूनियन के चालक भाइयों के निधन पर पांच से दस हजार रूपये तक आर्थिक सहायता करते आ रही है। इस प्रकार से बसना टैक्सी युनियन द्वारा समय समय पर कई जनहित कार्य किये गये हैं। परन्तु आज वे उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। अपने ही स्टेण्ड परिसर से उन्हें स्थानीय प्रसाशकों द्वारा दंडात्मक कार्यवाही करते हुए उनके समस्त वाहनों को दूर खदेड दिया जाता है, तथा स्टेण्ड परिसर में प्रवेश पर कड़ा प्रतिबंध किया जाता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए वाहनों के पार्किंग हेतु टेक्सी यूनियन संघ द्वारा सी एम ओ नगर पंचायत बसना को ज्ञापन सौंपा गया है। परिसर में विगत 5 दशकों से आज पर्यंत 2025 तक यात्री वाहन, कमांडर,जीप, पिकअप, माजदा आदि के लिए ड्राइवर भाइयों को स्थान नहीं मिल पाया है । इस के विपरित अपने वाहनों को रिजर्व के लिए बस स्टेण्ड परिसर में खड़े करने पर हमेसा पार्किंग को लेकर बस संचालको एवं टेक्सी यूनियन के सदस्यों के मध्य तकरार की स्थिति निर्मित होते रहती है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24